दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश मे प्रसारित!

Digital Daily News Paper

# लोकतंत्र की आवाज

● नवादा से प्रकाशित ● नवादा शनिवार 14 दिसंबर 2024 ● वर्ष : 02 अंक : 470



## संक्षिप्त खबरें ।

### छापे के बाद मस्जिद से अनाउंसमेंट, मौलाना को बचाने आईं सैकड़ों महिलाएं; उग्र हुई भीड़ तो करना पड़ा रिहा



**लोक तंत्र की आवाज़**

**नई दिल्ली ।** यूपी के झांसी में ठक्अ की टीम टेरर फंडिंग के आरोप में रेड मारने पहुंची थी। जांच और पूछताछ के बाद जब ठक्अ की टीम आरोपी को लेकर निकल रही थी तो बाहर महिलाओं और पुरुषों की भीड़ ने उन्हें रोक लिया। आरोपी को ठक्अ और पुलिस के कब्जे से छुड़ा लिया। हैरानी की बात ये है कि ये सब हुआ यूपी में जहां योगी सरकार है और योगी की पुलिस है। बता दें कि पूरा मामला शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के सलीम बाग खिड़की सुपर कॉलोनी का है जहां मदरसा शिक्षक मुफ्ती खालिद नदवी अंसारी के घर में ठक्अ की टीम ने छापा मारा। नदवी के घर में लैपटॉप मोबाइल और दूसरे गैजेट्स की जांच की गई। ठक्अ और अळर टीम ने खालिद से पूछताछ की और इसके बाद उसे वे अपने साथ आगे की पूछताछ के लिए जाना चाहते थे लेकिन मुफ्ती खालिद नदवी और उसके लोगों ने घर के बाहर भीड़ बुला ली। भीड़ के जरिए मदरसा शिक्षक मुफ्ती खालिद नदवी एनआईए और अळर पर दबाव बनाने की कोशिश की।

जब एनआईए की टीम मुफ्ती खालिद नदवी को हिरासत में लेकर साथ ले जाने लगी तो भीड़ ने रास्ता रोक लिया। भीड़ ने टीम के साथ आई पुलिस टीम के साथ धक्का–मुक्की की। माहौल बिलकुल गर्म हो गया था। जरा सी चिंगारी से भीड़ बेकाबू हो सकती थी इसलिए ठक्अ और पुलिस की टीम ने संयम से काम लिया। भीड़ को आरोपी मुफ्ती खालिद नदवी को छुड़ाकर ले जाने दिया गया। ठक्अ की टीम खालिद नदवी के घर सुबह 3 बजे पहुंची थी जो कई घंटों तक नदवी के घर की जांच की और नदवी से पूछताछ भी कहा जा रहा है कि इसी दौरान मस्जिद से एनाउंसमेंट कर खबर फैला दी गई कि नदवी को पुलिसवाले उठाकर ले जाने वाले हैं। बस फिर क्या था... नदवी के घर के बाहर मुहल्ले के लोगों की भीड़ पहुंच गई। पुरुषों के साथ साथ बुर्कानशीं महिलाएं भी बड़ी संख्या में पहुंच गईं।

# प्रधानमंत्री मोदी पहुंचे प्रयागराज, साधु-संतों से मुलाकात, महाकुंभ की तैयारियों का लिया जायजा

**लोक तंत्र की आवाज़**



**लखनऊ ।** प्रधामनंत्री नरेंद्र मोदी अपने तय दौरे के तहत उत्तर प्रदेश के प्रयागराज पहुंच गए हैं। अगले महीने से संगम नगरी (प्रयागराज) में होने वाले महाकुंभ–2025 की सफलता के लिए उन्होंने प्रार्थना भी की। सूत्रों के अनुसार मोदी करीब 11.30 बजे मोदी का हेलिकॉप्टर बमरौली एयरपोर्ट पर उतरा और इसके बाद वह अरैल घाट पहुंचकर निषादराज रिवर क्रूज से संगम तट पर पहुंचे।

**मोदी के साथ राज्यपाल और मुख्यमंत्री मौजूदः** प्रधामनंत्री ने संगम तट पर साधु–संतों से मिलने के बाद वहां संगम नोज पर करीब आधा घंटा गंगा पूजा–अर्चना की। साथ ही महाकुंभ की सफलता के लिए कलश स्थापित किया। इसके बाद प्रधामनंत्री ने अक्षयवट की परिक्रमा कर महाकुंभ मेले की सफलता के लिए प्रार्थना की। पीएम ने संगम पर नौकायन का लुत्फ भी उठाया। पीएम मोदी के साथ राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद हैं।

**हजारों करोड़ की परियोजनाओं की सौगात देंगे :** प्रधानमंत्री प्रयागराज में हजारों करोड़ रुपए की परियोजनाओं की शुरुआत व शिलान्यास करेंगे। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम को वह संबोधित भी करेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रयागराज पहुंच चुके हैं. प्रयागराज पहुंचकर पीएम मोदी ने महाकुंभ की तैयारियों का जायजा लिया. इसके बाद उन्होंने साधु–संतों से मुलाकात की. पीएम मोदी अपने एक दिवसीय दौरे करीब 7000 करोड़ रुपए की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शुभारंभ करेंगे. यही नहीं प्रधानमंत्री संगम नोज पर पूजा अर्चना भी करेंगे, जबकि अक्षय वट और लेटे हनुमान मंदिर के दर्शन भी करेंगे. इसके साथ ही पीएम मोदी कुम्भ 'सहायक' चैटबॉट का भी शुभारंभ करेंगे. इन परियोजनाओं से न केवल महाकुम्भ 2025 का आयोजन को भव्य और दिव्य बनाने में मदद मिलेगी, बल्कि प्रयागराज को भी एक नई पहचान मिलेगी।

## लोकसभाः कुछ लोगों ने संविधान को हाईजैक कर लिया है : राजनाथ




### संविधान पर चर्चा

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नई दिल्ली।** लोकसभा के शीतकालीन सत्र में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संविधान पर चर्चा शुरू की है। यह चर्चा दो दिन तक चलेगी। संविधान पर चर्चा शुरू करते राजनाथ सिंह ने कहा कि हम भारत के लोगों ने 26 नवम्बर 1949 को संविधान को अपनाया था। उन्होंने संविधान को अपनाने के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर इस सदन और देश के सभी नागरिकों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक जीवन के सभी पहलुओं को छूकर राष्ट्र निर्माण का मार्ग प्रशस्त करता है। संविधान सिर्फ कानून दस्तावेज नहीं, राष्ट्र निर्माण का रास्ता तय करता है। यह लोगों की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है।

संविधान पर यह बहस शनिवार तक चलेगी। शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बहस का जवाब देंगे। भाजपा की तरफ से 12 से 15 नेता इस चर्चा में हिस्सा लेंगे। कांग्रेस की तरफ से मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और अन्य नेता संविधान पर बोलेंगे।

### कुछ लोगों ने संविधान को हाईजैक किया

राजनाथ सिंह ने कहा "पिछले कुछ वर्षों में देश में ऐसा माहौल बनाया गया कि संविधान एक खास वर्ग के लोगों के लिए है। संविधान निर्माण में बहुत से लोगों की भूमिका को जानबूझकर नकार दिया गया। संविधान स्वाधीनता संग्राम के हवनकुंड से निकला हुआ अमृत है। संविधान को कुछ खास लोगों ने हाईजैक कर लिया है। एक पार्टी विशेष द्वारा संविधान निर्माण के कार्य को 'हाईजैक' करने की कोशिश की गई है। संविधान ने ही प्रजा को नागरिक बनाया, संविधान एक साथ मिलकर काम करने की शक्ति प्रदान करता है। हमारी सरकार ने संविधान को खुले और सच्चे मन से स्वीकार किया है। संविधान की मूल भावना को ध्यान में रखते हुए हमारी सरकार ने फैसले लिए हैं। मुझे गौरव की अनुभूति है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार 'सबका साथ, सबका विकास' की भावना से काम कर रही है।

# कोर्ट ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने से किया इनकार

**लोक तंत्र की आवाज़**



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश देने से इनकार कर दिया है। हालांकि, अदालत ने अप्रैल 2023 में कर्नाटक में एक चुनावी रैली में भाजपा और आरएसएस के खिलाफ अभद्र भाषा का आरोप लगाने वाली शिकायत का संज्ञान लिया है। कोर्ट ने कहा कि कथित आरोपी की पहचान हो चुकी है और सभी सबूत शिकायतकर्ता के पास हैं। ।क्क्की कोई जरूरत नहीं है।

न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (जेएमएफसी) चतिंदर सिंह ने शिकायतकर्ता के वकील की दलीलें सुनने और दिल्ली पुलिस की कार्रवाई रिपोर्ट (एटीआर) पर विचार करने के बाद एफआईआर दर्ज करने के निर्देश देने से इनकार कर दिया। जेएमएफसी चतिंदर सिंह ने 9 दिसंबर को पारित आदेश में कहा, इसलिए, इस मामले में धारा 156(3) सीआरपीसी के तहत पुलिस द्वारा जांच की कोई आवश्यकता नहीं है। इस प्रकार आवेदन खारिज किया जाता है।₹ हालांकि, अदालत ने आरएसएस के सदस्य एडवोकेट रविंदर गुप्ता द्वारा दायर शिकायत का संज्ञान लिया है।

**अदालत ने कही बातः** अदालत ने कहा कि शिकायतकर्ता को समन–पूर्व साक्ष्य (पीएसई) पेश करने की स्वतंत्रता है। यदि बाद में किसी विवादित तथ्य से संबंधित जांच की आवश्यकता होती है तो धारा 202 सीआरपीसी के प्रावधान का सहारा लिया जा सकता है जिसे 27.03.2025 को पीएसई के लिए रखा जा सकता है। शिकायतकर्ता ने एडवोकेट गगन गांधी के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई। अदालत ने कहा कि आरोप यह है कि खड़गे ने एक चुनावी रैली में कुछ भाषण दिया था जिसमें भाजपा और आरएसएस के खिलाफ तीखी टिप्पणी की गई थी, आगे शिकायतकर्ता को पीड़ा हो रही है।

### शिकायतकर्ता ने बताई समस्या

शिकायतकर्ता के पास आरोपी व्यक्तियों के साथ–साथ जिन गवाहों से पूछताछ की जानी है, उनका पूरा विवरण है और न तो बरामदगी की जरूरत है और न ही ऐसे किसी भौतिक साक्ष्य को इकट्ठा करने की जरूरत है जो केवल पुलिस द्वारा ही किया जा सकता है।

# किसान का बेटा, झुकुंगा नहीं', राज्यसभा में गरजे उपराष्ट्रपति धनखड़, कांग्रेस अध्यक्ष खरगे का पलटवार- मैं भी मजदूर का बेटा

**लोक तंत्र की आवाज़**



**नई दिल्ली।** राज्यसभा में सभापति के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाए जाने का मुद्दा उठा, जिस पर हंगामा हो गया। भाजपा सांसद राधा मोहन दास अग्रवाल ने आरोप लगाया कि विपक्ष द्वारा सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ लाए गए महाभियोग प्रस्ताव में नियमों का पालन नहीं किया गया। महाभियोग प्रस्ताव लाने के लिए 14 दिन का समय दिया जाता है और फिर उस पर सदन में चर्चा होती है, लेकिन उससे पहले ही मीडिया में आरोप लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस द्वारा उपराष्ट्रपति को कभी सम्मान नहीं दिया गया। राधा मोहन दास अग्रवाल ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेताओं ने सोशल मीडिया पर उपराष्ट्रपति के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया। भाजपा सांसद ने उपराष्ट्रपति की तारीफ की। इस पर विपक्ष भड़क गया।

**सभापति धनखड़ और नेता विपक्ष खरगे के बीच हुई तीखी बहसः** विपक्ष ने जब हंगामा शुरू किया तो सभापति ने इस पर नाराजगी जाहिर की। टीएमसी सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने जब अपनी बात रखी तो सभापति नाराज हो गए और बोले कि 'मैं किसान का बेटा हूं और किसी भी कीमत पर कमजोर नहीं पड़ूंगा।' इस पर राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि 'सदन परंपरा और नियमों से चलेगा और निष्पक्षता से चलेगा।' खरगे ने कहा कि 'आप अगर किसान हैं तो मैं मजदूर का बेटा हूं।' खरगे ने कहा कि 'आप विपक्ष का अपमान कर रहे हैं। हम आपकी तारीफ सुनने के लिए नहीं आए हैं। हम देश के मुद्दों पर चर्चा के लिए आए हैं।'

इस पर सभापति ने कहा कि आप अपनी बात रखिए। खरगे ने कहा कि 'आप मेरा अपमान कर रहे हैं तो मैं आपका सम्मान कैसे कर सकता हूं।' जब हंगामा शांत नहीं हो सका, तो सभापति धनखड़ ने सदन की कार्यवाही पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी। गौरतलब है कि राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ विपक्ष ने अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया है। विपक्षी दलों ने मंगलवार को उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश करने के लिए अनुच्छेद 67बी के तहत नोटिस दिया। ये नोटिस राज्यसभा महासचिव पीसी मोदी को सौंपा गया।

# पूजा स्थल अधिनियम को बरकरार रखने वाला निर्णयः सुप्रीम कोर्ट

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नई दिल्ली।** धार्मिक स्थलों के खिलाफ नए मुकदमों और सर्वेक्षण आदेशों पर रोक लगाने वाला महत्वपूर्ण आदेश पारित करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार (12 दिसंबर) को मौखिक रूप से कहा कि सिविल कोर्ट अयोध्या मामले में सुप्रीम कोर्ट के 5–जजों के फैसले की अनदेखी करके आदेश पारित करके दौड़ लगा रहे हैं जिसमें पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1991 को बरकरार रखा गया था।

चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) संजीव खन्ना, जस्टिस पीवी संजय कुमार और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ पूजा स्थल अधिनियम (विशेष प्रावधान) अधिनियम 1991 को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। अधिनियम के कार्यान्वयन की मांग करने वाली जमीयत उलेमा–ए–हिंद द्वारा दायर एक याचिका भी आज सूचीबद्ध की गई।

सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता को संबोधित करते हुए जस्टिस केवी विश्वनाथन ने कहा, मिस्टर एसजी, याचिका अधिनियम की संवैधानिकता को चुनौती देती है। एक बड़ा सवाल है। एक तर्क जिसका आपको सामना करना होगा...धारा 3 का एक दृष्टिकोण यह है कि यह पहले से ही निहित संवैधानिक सिद्धांतों की एक प्रभावी पुनरावृत्ति मात्र है। अधिनियम की धारा 3 किसी धार्मिक स्थल को उसक चरित्र से परिवर्तित करने पर रोक लगाती है जो 15 अगस्त, 1947 को था।

**जस्टिस विश्वनाथन ने फिर कहाः** सिविल कोर्ट सुप्रीम कोर्ट के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं कर सकते। इसलिए इस पर रोक लगानी होगी। आपके पास 5 जजों का निर्णय है। न्यायाधीश सम्भल में मस्जिद के सर्वेक्षण के लिए ट्रायल कोर्ट द्वारा जल्दबाजी में पारित एकपक्षीय आदेश का उल्लेख कर रहे थे, जिसके कारण हिंसा भड़क गई, जिसमें चार लोग मारे गए। सीजेआई ने शुरू में कहा कि केंद्र का जवाब अभी तक रिकॉर्ड में नहीं रखा गया। सॉलिसिटर जनरल (एसजी) तुषार मेहता को जवाब दाखिल करने का समय देते हुए सीजेआई ने स्पष्ट रूप से कहा कि ₹ अगली सुनवाई की तारीख तक, कोई और मुकदमा दायर या पंजीकृत नहीं किया जा सकता है। सुनवाई के दौरान, न्यायालय को सूचित किया गया कि देश के विभिन्न न्यायालयों में 10 विभिन्न पूजा स्थलों के संबंध में कुल 18 मुकदमे लंबित हैं। हस्तक्षेपकर्ताओं में से एक की ओर से पेश सीनियर एडवोकेट एएम सिंघवी ने लंबित मुकदमों पर तब तक यथास्थिति बनाए रखने पर जोर दिया, जब तक कि वर्तमान पीठ अधिनियम की वैधता के मुद्दे पर विचार नहीं कर लेती।

### ● सिविल कोर्ट सुप्रीम कोर्ट के साथ दौड़ नहीं सकते



### चुनौती किस बारे में है?

मुख्य याचिका (अश्विनी कुमार उपाध्याय बनाम भारत संघ) 2020 में दायर की गई, जिसमें न्यायालय ने मार्च 2021 में केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया। बाद में कुछ अन्य समान याचिकाएं भी उस क़ानून को चुनौती देते हुए दायर की गईं, जो 15 अगस्त, 1947 को धार्मिक संरचनाओं के संबंध में यथास्थिति को बनाए रखने की मांग करती हैं। उनके रूपांतरण की मांग करने वाली कानूनी कार्यवाही पर रोक लगाती हैं। उल्लेखनीय है कि इस मामले में हस्तक्षेप आवेदन ज्ञानवापी मस्जिद प्रबंध समिति, महाराष्ट्र विधायक [एनसीपी (एसपी)] डॉ. जितेंद्र सतीश अव्हाड, भाकपा (मार्क्सवादी), मथुरा शाही ईदगाह मस्जिद समिति और राजद से संबंधित राज्यसभा सदस्य मनोज झा द्वारा भी दायर किए गए।

# रूस ने यूक्रेन पर कर दी क्रूज मिसाइलों की बरसात, ड्रोन्स से भी किया अटैक

**लोक तंत्र की आवाज़**



**नई दिल्ली ।** रूस ने यूक्रेन पर भीषण हमले किए हैं। रूस ने इन हमलों में दर्जनों क्रूज मिसाइलों और ड्रोन्स का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया है। रूसी सेना ने यूक्रेन के ऊर्जा प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया। यूक्रेन के ऊर्जा मंत्री हर्मन हेलूशेंको ने फेसबुक पेज पर यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, ₹ दुश्मन का आतंक जारी है। यूक्रेन की वायु सेना ने बताया कि बीती रात यूक्रेन पर कई ड्रोन हमले किए गए और उसके बाद देश के हवाई क्षेत्र में क्रूज मिसाइल भी दागी गईं। वायुसेना ने कहा कि रूस ने यूक्रेन के पश्चिमी क्षेत्रों के खिलाफ 'किंजल' बैलिस्टिक मिसाइलों का भी इस्तेमाल किया। इन हमलों के बाद आशंका बढ़ गई है कि रूस का लक्ष्य सर्दी की शुरुआत में यूक्रेन की बिजली उत्पादन क्षमता को नष्ट करना है।

**पोक्रोवस्क शहर के पास भीषण हुई जंगः** इस बीच यहां यह भी बता दं कि, रूस और यूक्रेन में जंग के बीच यूक्रेन के शीर्ष सैन्य कमांडर ने कहा है कि रूस के लगातार आक्रमण के बाद पूर्वी यूक्रेन के प्रमुख शहर पोक्रोवस्क के आसपास जंग और भीषण हो गई है। रूसी सेना अब शहर से कुछ ही किलोमीटर की दूरी पर है। पोक्रोवस्क शहर यूक्रेन के लिए बेहद अहम है।

# चुनाव के ऐसे नतीजे न आए होते तो सत्ता पक्ष बदल देता संविधान, लोकसभा में बोलीं प्रियंका

**लोक तंत्र की आवाज़**




**नई दिल्ली।** संसद का शीतकालीन सत्र आज बेहद खास है। सदन में आज संविधान पर खास चर्चा हो रही है। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा का लोकसभा में पहला है। वह भारत के संविधान की 75वीं वर्षगांठ पर चर्चा के दौरान लोकसभा में बोल रही हैं। प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि संविधान ही हमारी आवाज है। संविधान ने चर्चा का हक दिया है। संविधान ने आम आदमी को सरकार बदलने की ताकत दी है।

सत्ता पक्ष के लोग बदल देते संविधान– प्रियंका गांधी

इसके साथ ही प्रियंका गांधी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के नतीजे इस तरह नहीं आए होते तो सत्ता पक्ष के लोग संविधान को ही बदल दिए होते। देश के संविधान ने गरीब लोगों का भला किया है। इससे गरीबों और महिलाओं को आवाज मिली है।

**जाति जनगणना आज की जरूरतः** प्रियंका गांधी ने कहा कि मौजूदा सरकार आरक्षण को कमजोर कर रही है। जातीय जनगणना आज की जरूरत है। जाति जनगणना पर सत्ता पक्ष के लोग मंगलसूत्र की बात करते हैं। प्रियंका गांधी ने कहा कि आज देश का किसान भगवान भरोसे है। किसानों के साथ अन्याय किया जा रहा है।

**लेटरल एंट्री के जरिए आरक्षण को कमजोर करने की कोशिशः** लोकसभा में कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, 'हमारा संविधान सुरक्षा कवच है। ऐसा सुरक्षा कवच जो नागरिकों को सुरक्षित रखता है। यह न्याय का, एकता का, अभिव्यक्ति के अधिकार का कवच है। यह दुखद है कि 10 साल में बड़े–बड़े दावे करने वाले सत्ता पक्ष के साथियों ने इस कवच को तोड़ने की पूरी कोशिश की है।

# विहिप के कार्यक्रम में शामिल होने वाले हाई कोर्ट के जज की बेंच बदली गई, इन जजेज का क्षेत्राधिकार भी बदला

**लोक तंत्र की आवाज़**



**प्रयागराज।** विश्व हिंदू परिषद के कार्यक्रम में शामिल होने के बाद सुर्खियों में आए इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस शेखर कुमार यादव की बेंच बदल दी गई है। जस्टिस शेखर यादव अब साल 2010 तक की फर्स्ट अपील सुनेंगे। इससे पहले वह क्रिमिनल मामलों को सुन रहे थे। जस्टिस शेखर यादव के साथ ही कई अन्य न्यायधीशों का क्षेत्राधिकार भी बदला गया है।

**इन जजों की भी बेंच बदली गई :** ये बदलाव हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस के आदेश से हुआ है। सप्लीमेंट्री रोस्टर के हिसाब से जिन जजेज का क्षेत्राधिकार बदला गया है वे 16 दिसंबर से नए रोस्टर के हिसाब से सुनवाई करेंगे। जस्टिस समित गोपाल, जस्टिस क्षितिज शैलेंद्र और जस्टिस संजय कुमार सिंह की बेंच भी बदली गई है। बताया जा रह है कि रोस्टर में यह बदलाव सामान्य प्रक्रिया है।

**8 दिसंबर को विहिप के कार्यक्रम में दिया था ये बयानः** बता दें कि न्यायाधीश न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव ने 8 दिसंबर को विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) के एक कार्यक्रम में शामिल हुए थे। आरोप है कि विहिप के कार्यक्रम में जस्टिस यादव ने कहा था कि भारत बहुसंख्यक समुदाय की इच्छा के मुताबिक काम करेगा। आरोप है कि जस्टिस शेखर ने यह भी कहा था कि देश में जल्द ही समान नागरिक संहिता लागू हो जाएगी। जज के इस बयान की विपक्षी दलों ने निंदा की थी।

जानकारी के अनुसार, विवादास्पद टिप्पणी के लिए इलाहाबाद हाई कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव को हटाने के लिए इंडिया ब्लॉक के सांसद एक प्रस्ताव लाने पर विचार कर रहे हैं। विपक्ष के कई सांसद जस्टिस शेखर के खिलाफ महाभियोग का नोटिस दे सकते हैं। श्रीनगर से नेशनल कांफ्रेंस के सांसद आगा सईद रुहुल्लाह मेहदी ने कहा है कि वे शेखर यादव के खिलाफ महाभियोग का नोटिस देंगे। उन्होंने दावा किया कि सपा, कांग्रेस, डीएमक और टीएमसी के सांसदों ने नोटिस का समर्थन करने की बात कही है। संविधान के अनुसार, एक न्यायाधीश को हटाने के लिए संसद में महाभियोग पारित कराना होगा। इसके लिए कम से कम दो–तिहाई बहुमत जरूरी होता है। इसके बाद राष्ट्रपति के आदेश से ही जज को हटाया जा सकता है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### शेखपुरा में शांतिपूर्ण एवं कदाचसमुक्त 70वी बीपीएससी परीक्षा संपन्न



शेखपुरा में कड़ी सुरक्षा के बीच 70वीं बीपीएससी परीक्षा कदाचारमुक्त तरीके से संपन्न हुई। जिले में कुल 12 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जहां परीक्षार्थियों ने शांतिपूर्वक और नियमों के तहत परीक्षा दी। जिला प्रशासन ने परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या कदाचार को रोकने के लिए कड़े इंतजाम किए थे ।परीक्षा केंद्रों पर अतिरिक्त पुलिस बल और दंडाधिकारियों की तैनाती की गई थी, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। इसके अलावा, सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे, ताकि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और कदाचारमुक्त रहे। जिला प्रशासन के निर्देश पर सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा बलों की लगातार निगरानी की जा रही थी ।परीक्षा के दौरान प्रवेश केवल सुबह 9 बजे से 11 बजे तक था, जिससे समय पर सभी परीक्षार्थी परीक्षा केंद्र में उपस्थित हो गए। इस कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासन की सतर्कता की वजह से परीक्षा में नकल या किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी की कोई भी घटना नहीं घटी ।डीएम और एसपी ने स्वयं परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया और सुनिश्चित किया कि सब कुछ योजना के अनुसार हो। प्रशासन के इस प्रयास से परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई और छात्रों ने भी परीक्षा में पूरी ईमानदारी से भाग लिया। इस कड़ी सुरक्षा और व्यवस्था से यह साबित हुआ कि शेखपुरा में अब हर परीक्षा कदाचार मुक्त और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराई जाएगी।

### झांसा देकर शारीरिक शोषण करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** वारिसलीगंज थाना में एक पीड़िता द्वारा झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने की प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। प्राथमिकी दर्ज होते ही आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर गुरुवार को व्यवहार न्यायालय नवादा भेज दिया है। पीड़िता द्वारा थाना में दिए गए आवेदन में कहा गया है कि पिछले कुछ माह से वारिसलीगंज बाजार के युवक द्वारा झांसा देकर मेरे साथ शारीरिक संबंध बनाया गया। इस दौरान युवक द्वारा अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देकर बार–बार प्रताड़ित किया जा रहा था। कहा है कि इस घटना की चर्चा परिवार के बीच करने की बात पर आरोपी युवक द्वारा जान से मारने की धमकी भी दी जाती थी।

### सिरदला: पुलिस ने शराब भट्टी मामले में एक आरोपी को किया गिरफ्तार भेजा न्यायालय



**प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला**

परना डाबर पुलिस ने शराब भट्टी मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। परना डाबर थाना अध्यक्ष रंजन चौधरी से प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान पड़रिया गांव निवासी मोहन सिंह के पुत्र प्रकाश सिंह बताया गया है। जिसके विरुद्ध परना डाबर थाना कांड संख्या 285/24 प्राथमिकी दर्ज दो दिन पहले किया गया था। बता दें कि पुलिस ने पड़रिया गांव के समीप जंगल में छापेमारी कर महुआ शराब की एक संचालित भट्टी को ध्वस्त कर 400 लीटर जावा महुआ का मीठा गोल विनिष्ट किया था। जिसमें भट्टी संचालक भागने में सफल हो गया था। जिसे पुलिस ने महज 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार का न्यायालय भेज दिया है।

# मॉडर्न की अंडर-19 बालिका हैंडबॉल टीम ने झारखंड को हराकर शानदार जीत के साथ किया आगाज

लोक तंत्र की आवाज

**सुनील कुमार**

**नवादा।** पंजाब के लुधियाना शहर में एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के कैंपस में आयोजित हो रहे 68वीं राष्ट्रीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता 2024-25 में सीबीएसई की तरफ से प्रतिनिधित्व कर रहे बिहार एवं झारखंड के प्रसिद्ध विद्यालयों में से एक मॉडर्न इंगलिश स्कूल कुंती नगर नवादा की अंडर-19 बालिका हैंडबॉल टीम ने आज पहला मैच में अपना नैसर्गिक खेल दिखाते हुए झारखंड को हराकर शानदार जीत से आगाज किया। यह आयोजन भारतीय खेल प्राधिकरण के द्वारा आयोजित किया गया है। इसमें देश के सभी राज्यों की टीम सहित सीबीएसई की टीम से आए हुए लगभग 45 टीम भाग ले रही है। सीबीएसई बोर्ड के विद्यालयों का राष्ट्रीय विजेता का खिताब जीतने के बाद सीबीएसई बोर्ड की ओर से मॉडर्न इंग्लिश स्कूल कुंती नगर नवादा यह मैच खेल रही है और सीबीएसई बोर्ड का प्रतिनिधित्व कर रही है। इस प्रतियोगिता में मॉडर्न की तरफ से हैंडबॉल टीम की खिलाड़ियों में से कप्तान जानवी , उपकप्तान करिश्मा ,सिमरन ,काजल,श्रेया ,आरती ,अवनि वत्स, राधिका,रागिनी, सुहानी भारद्वाज ,नेहा भारद्वाज ,अदिति एवं वैष्णवी भाग ले रही है। मॉडर्न हैंडबॉल टीम के कोच नीतीश कुमार के संरक्षण में सभी खिलाड़ियों को तैयार किया गया है, साथ ही साथ राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित वरीय खेल शिक्षक अलखदेव प्रसाद यादव मैनेजर के रूप में एवं बालिका संरक्षक के पूनम देवी साथ हैं ।पिछले महीने राष्ट्रीय स्तर पर विजेता बन स्वर्ण पदकधारी मॉडर्न की बालिका वर्ग अंडर-19 हैंडबॉल टीम ने अपने पहले मुकाबले में झारखंड को 13 गोल से पराजित किया। गुरुवार को पहले मैच में मॉडर्न की खिलाड़ियों ने झारखंड को 19-06 से एक तरफ पराजित किया। मॉडर्न समूह के प्रबंध निदेशक डॉ. अनुज सिंह इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि आज हमारा विद्यालय नवादा सहित पूरे बिहार राज्य का नाम भारत में रोशन कर रहा है। नवादा जैसे छोटे शहर से निकलकर आज यहां की बेटियां राष्ट्रीय स्तर पर अपना पहचान बना चुकी है, वास्तव में यह मॉडर्न सहित पूरे नवादा के लिए गर्व करने की बात है। इस सफलता के लिए पूरा विद्यालय परिवार सभी खिलाड़ियों को हार्दिक शुभकामनाएं देता है ।आगे भी हमारे खिलाड़ी इसी तरह पूरी जोश के साथ खेल खेलेंगे और पुनः विजेता बनकर वापस आएंगे यह हमारी ईश्वर से कामना है।





# टोला सेवक की संदिग्ध मौत, पुलिस ने शव का कराया पोस्टमार्टम



लोकतंत्र की आवाज



**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के भलुआ गांव में संदिग्ध अवस्था में टोला सेवक की मौत हो गई है। ठंड से मौत की आशंका जताई गई है। मृतक की पहचान भलुआ गांव नरेश राम निवासी 39 वर्षीय सुबोध राम के रूप की गई है। मृतक उत्क्रमित मध्य विद्यालय बहेरा में टोला सेवक के पद पर कार्यरत थे। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव का सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया।परिजनों के मुताबिक बुधवार की सुबह प्रतिदिन की तरह साइकिल से विद्यालय गए थे।शाम में घर लौटे तो उन्हें काफी ठंड लग रही थी और वे काप रहे थे। इस दौरान उनकी तबीयत बिगड़ गई। परिजनों के सहयोग से उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया,जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।परिजनों का कहना है कि ठंड लगने के कारण सुबोध राम की मौत हुई है।इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। इसके बाद भलुआ गांव पहुंचकर शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वारिसलीगंज के थाना प्रभारी रुपेश कुमार सिन्हा ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया है। जिससे मौत के कारणों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। परिवार के लोगों ने बताया है कि ठंड लगने से ही मौत हुई है। विधायक अरुणा देवी ने टोला सेवक के निधन पर गहरा दुख जताया। इधर, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुशवाहा ने कहा कि शव को घर ले जाने के लिए एंबुलेंस भी उपलब्ध नहीं कराया जाता है, यह चिंता का विषय है। उन्होंने बताया कि सिविल सर्जन डॉ. नीता अग्रवाल से बात हुई है, जिसमें उन्होंने कहा है कि शव वाहन उपलब्ध नहीं है। इसकी जानकारी स्वास्थ्य विभाग पटना को दे दी गई है। दो महीने से शव वाहन नवादा में नहीं है।

## सेवा युक्त समाज के निर्माण के लिए युवाओं की भूमिका पर सेमिनार आयोजित

लोकतंत्र की आवाज

**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**

**पकरीबरावां।** कृषक कॉलेज पकरीबरावां में ₹युवाः समाज में परिवर्तन की शक्ति₹ विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार पीरामल फाउंडेशन द्वारा आयोजित की गई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कॉलेज में सेवा युवा सदन की स्थापना करना और युवाओं को समाज सेवा में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना था। सेमिनार पीरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधियों गौरव ठाकुर, प्रशांत कुमार, और कुमार पवन के नेतृत्व में हुआ। सेमिनार में छात्रों को सेवा भावना और नेतृत्व के माध्यम से देश को प्रगति के मार्ग पर अग्रसर करने का महत्व समझाया गया ।इस दौरान शिक्षा में सुधार, जागरूकता अभियान, स्वास्थ्य और पोषण, सामाजिक समानता, तथा नवाचार के माध्यम से नेतृत्व जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। युवाओं को बेहतर शिक्षा प्रणाली के लिए सामुदायिक पहल, स्वच्छता और सामाजिक मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाने, स्वास्थ्य सेवाओं में नेतृत्व करने, तथा जातिगत भेदभाव और लैंगिक असमानता जैसे मुद्दों को दूर करने की प्रेरणा दी गई। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. देवेंद्र कुमार ने इस पहल में महत्वपूर्ण योगदान दिया और छात्रों को सेवा भावना के महत्व को समझने और ₹सेवा युवा सदन₹ से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया।इस आयोजन में युवाओं को समझाया गया कि कैसे उनके छोटे-छोटे प्रयास बड़े सामाजिक बदलाव ला सकते हैं। छात्रों ने समाज सेवा, नेतृत्व, और सामाजिक सुधार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम के अंत में इच्छुक छात्रों के लिए ऑनलाइन फॉर्म का लिंक साझा किया गया, ताकि वे इस पहल से जुड़ सकें। यह सेमिनार क्षेत्र में युवाओं को समाज सेवा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

# स्कूल भवन निर्माण कार्य पूरा नहीं होने से पठन पाठन बाधित

लोकतंत्र की आवाज



**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** वारिसलीगंज प्रखंड क्षेत्र से करीब आठ किलोमीटर दूर पश्चिम स्थित उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय पैंगरी के विधार्थियो का पठन पाठन भवन के अभाव में गांव के मध्य विद्यालय में जैसे तैसे किया जा रहा है। दो सौ विधार्थियो के लिए सरकार द्वारा नौ शिक्षक तो नियुक्त कर दिया गया परंतु उनकी पढ़ाई भवन के अभाव में बाधित हो रही है। विडंबना है कि सरकार संबंधित विद्यालय के विधार्थियो के लिए बेहतर स्कूल भवन निर्माण कराने की दिशा में वर्ष 2017 में एक करोड़ चार लाख रुपए की लागत से कार्य शुरू कराया गया था जो अब तक पूरा नहीं हो सका। बताया जाता है कि सरकारी उपेक्षा के कारण स्कूल भवन निर्माण सात वर्ष में दो संवेदक के बदलने के बाद भी पूरा नहीं होने का अफसोस ग्राम वासियों में व्याप्त है।बताया गया कि सात वर्ष पूर्व इंटर विद्यालय भवन समेत अन्य सुविधा युक्त बनाने का शुभारंभ किया गया था जिसे दो वर्ष में पूरा होना था। परंतु सात वर्ष गुजर गए तीन मंजिला विद्यालय के सभी कमरे का निर्माण किया जा चुका है। लेकिन कमरे न तो खिड़की लगी और ना हीं किवाड़। शौचालय आदि का भी निर्माण नहीं हो सका। फिलवक्त निर्माणाधीन विद्यालय परिसर में मवेशियों का बसेरा बना है जबकि स्कूल के कमरे का अतिक्रमण कर बिचाली सहित धान रखा जा रहा है। उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय के छात्र छात्राओं की पढ़ाई मध्य विद्यालय पैंगरी में कराया जा रहा है। जहां दोनों स्कूल के विधार्थियो के पठन पाठन कार्य करने में दोनों विद्यालय के प्रधान को परेशान होना पड़ रहा है। जरूरत है विभागीय स्तर से त्वरित करवाई के तहत इंटर विद्यालय भवन का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करने की जिससे सरकार द्वारा चलाए जा रहे शिक्षा में गुणात्मक सुधार की व्यवस्था पूरी हो सके। इस संबंध में मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजय कुमार पांडे ने बताया कि दोनों स्कूलों के विधार्थियो का पठन पाठन मध्य विद्यालय में कराया जा रहा है। कमरे के अभाव में अधिकांश वर्ग को एक साथ कर पढ़ाने का कार्य किया जा रहा।वहीं इंटर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य पिंकी कुमारी ने कहा पर्याप्त कमरे के नहीं होने से शिक्षकों को व्यवस्थित तरीके से विधार्थियो को पढ़ाने में परेशानी हो रही है।

# पकरीबरावां : ढोढ़ा में जीपीपीएफटी फोरम का गठन

लोकतंत्र की आवाज

**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**

**पकरीबरावां।** ढोढ़ा में जीपीपीएफटी फोरम का ढोढ़ा पंचायत में गुरुवार को गठन बैठक कर ग्राम पंचायत प्लानिंग एवं फैसिलिटेशन टीम फोरम का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पंचायत की मुखिया श्रीमती रेखा यादव ने की। बैठक में पंच सदस्य, पंचायत सचिव, वार्ड सचिव, पंचायत समिति के सदस्य, सरपंच, वार्ड सदस्य, आशा कार्यकर्ता, शिक्षक, कृषि सलाहकार, आंगनबाड़ी सेविका, पंचायत रोजगार सेवक, जीविका दीदी एवं वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया। पीरामल फाउंडेशन की टीम के सदस्यों कुमार पवन, मंतोष कुमार एवं गौरव ठाकुर ने बैठक में जीपीडीपी योजना के क्रियान्वयन एवं निगरानी, आदर्श पंचायत बनाने की प्रक्रिया और भारत सरकार द्वारा तय 9 स्थानीय सतत विकास लक्ष्यों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। इन लक्ष्यों में गरीबी उन्मूलन, स्वच्छता, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना, बाल संरक्षण, जल प्रबंधन, सामाजिक सुरक्षा, सुशासन और महिला सशक्तिकरण जैसे विषय शामिल हैं। बैठक में नो कॉस्ट एवं लो कॉस्ट गतिविधियों के माध्यम से विकास कार्यों की योजना बनाने और उन्हें लागू करने के तरीके भी समझाए गए। साथ ही पंचायत के स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने, स्कूल प्रबंधन समितियों को सक्रिय करने एवं कक्षा 1 से 3 तक के पांच स्कूलों में छात्र सीखने के परिणामों का आधार रेखा अध्ययन करने पर विचार किया गया। यह निर्णय लिया गया कि जीपीपीएफटी फोरम की बैठक हर माह आयोजित की जाएगी और अगले माह कार्यों की समीक्षा की जाएगी। कार्यक्रम के अंत में मुखिया ने सभी प्रतिभागियों एवं पीरामल फाउंडेशन की टीम का आभार व्यक्त किया। साथ ही भविष्य में उनके सहयोग की अपेक्षा की।

पकरीबरावां प्रखंड के ढोढ़ा पंचायत में गुरुवार को बैठक कर ग्राम पंचायत प्लानिंग एवं फैसिलिटेशन टीम फोरम का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पंचायत की मुखिया श्रीमती रेखा यादव ने की। बैठक में पंच सदस्य, पंचायत सचिव, वार्ड सचिव, पंचायत समिति के सदस्य, सरपंच, वार्ड सदस्य, आशा कार्यकर्ता, शिक्षक, कृषि सलाहकार, आंगनबाड़ी सेविका, पंचायत रोजगार सेवक, जीविका दीदी एवं वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया। पीरामल फाउंडेशन की टीम के सदस्यों कुमार पवन, मंतोष कुमार एवं गौरव ठाकुर ने बैठक में जीपीडीपी योजना के क्रियान्वयन एवं निगरानी, आदर्श पंचायत बनाने की प्रक्रिया और भारत सरकार द्वारा तय 9 स्थानीय सतत विकास लक्ष्यों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। इन लक्ष्यों में गरीबी उन्मूलन, स्वच्छता, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना, बाल संरक्षण, जल प्रबंधन, सामाजिक सुरक्षा, सुशासन और महिला सशक्तिकरण जैसे विषय शामिल हैं। बैठक में नो कॉस्ट एवं लो कॉस्ट गतिविधियों के माध्यम से विकास कार्यों की योजना बनाने और उन्हें लागू करने के तरीके भी समझाए गए। साथ ही पंचायत के स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने, स्कूल प्रबंधन समितियों को सक्रिय करने एवं कक्षा 1 से 3 तक के पांच स्कूलों में छात्र सीखने के परिणामों का आधार रेखा अध्ययन करने पर विचार किया गया। यह निर्णय लिया गया कि जीपीपीएफटी फोरम की बैठक हर माह आयोजित की जाएगी और अगले माह कार्यों की समीक्षा की जाएगी। कार्यक्रम के अंत में मुखिया ने सभी प्रतिभागियों एवं पीरामल फाउंडेशन की टीम का आभार व्यक्त किया। साथ ही भविष्य में उनके सहयोग की अपेक्षा की।

# शेखपुरा में स्वास्थ्य कार्यों का कायाकल्प टीम ने लिया जायजा,सुधार का दिए कई आवश्यक निर्देश

लोकतंत्र की आवाज



शेखपुरा जिले में लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की जमीनी हकीकत का आकलन करने के लिए राज्य स्वास्थ्य समिति द्वारा गठित कायाकल्प टीम ने बातनीघा के रेफरल अस्पताल और सदर अस्पताल का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान टीम ने अस्पतालों में उपलब्ध बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं, चिकित्सा उपकरणों, डॉक्टरों की उपलब्धता और अस्पतालों की सफाई व्यवस्था का गहन जायजा लिया।टीम ने अस्पतालों में मरीजों को दी जा रही सेवाओं की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान केंद्रित किया और पाया कि कुछ स्थानों पर सुधार की आवश्यकता है। इसके बाद टीम ने अस्पताल प्रशासन को इन सुधारों के लिए आवश्यक कदम उठाने की सिफारिश की। साथ ही, अस्पतालों में सुविधाओं का सही तरीके से इस्तेमाल सुनिश्चित करने के लिए कर्मचारियों को प्रेरित किया गया और उन्हें अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा से निभाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।राज्य स्वास्थ्य समिति की यह टीम अस्पतालों के प्रबंधन और सेवाओं में सुधार के लिए सुझाव देगी, ताकि जिले के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। इसके अतिरिक्त, टीम ने अस्पतालों में चिकित्सकीय स्टाफ की कार्यकुशलता, मरीजों की देखभाल, दवाइयों की उपलब्धता और अन्य बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं की जांच की।यह निरीक्षण राज्य सरकार की स्वास्थ्य सुधार योजना के तहत किया गया था, जिसका उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी, सुलभ और समर्पित बनाना है। इस तरह के निरीक्षण से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि जिले के सभी अस्पताल उच्च गुणवत्ता की सेवाएं प्रदान करें और स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में सुधार को बढ़ावा मिले।

# दिनदहाड़े 26वर्षीय युवक की गोली मारकर हत्या, दहशत

लोक तंत्र की आवाज

**सुनील कुमार**

**नवादा।** नवादा जिले में दिनदहाड़े एक युवक की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई है। इस घटना से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। हालांकि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पातल भेजा है ,जिसके बाद परिजनों को सौंप दिया जाएगा। बता दें कि यह घटना नवादा के नवीन नगर इलाके में हुई है, जिसके बाद अफरातफरी का माहौल उत्पन्न हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार बदमाशों ने एक युवक की कनपटी में दो गोली मारकर हत्या कर दी है। मृतक की पहचान नगर थाना क्षेत्र के अतौआ गांव निवासी बीरेश सिंह के 26 वर्षीय पुत्र सोनू कुमार के रूप में हुई है। हत्या किसने और किस कारण किया है ,यह जानकारी नहीं मिली है। सिर्फ इतना बताया गया कि युवक को फोनकर किसी ने उसे नवीन नगर बुलाया था।

**मामले की जांच में जुटी पुलिस :** नवादा एसपी अभिनव धीमान ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही नगर थाना की पुलिस और सदर डीएसपी घटनास्थल पर पहुंचे हैं और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अभी तक इस हत्या के कारणों का पता नहीं लगा पाई है। पुलिस ने इस मामले में घटनास्थल पर पहुंचकर कई लोगों एवं परिजनों से पूछताछ की है,साथ हीं कुछ संदिग्धों को हिरासत में भी लिया है। पुलिस का दावा है कि जल्द हीं मामले का उद्भेदन कर दिया जाएगा।

**इलाके में दहशत का माहौल :** इस घटना से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। भय के कारण पुरा इलाके में सन्नाटा पसरा है ,सभी लोग अपने घरों में दुबके हुए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस इलाके में अपराध बढ़ रहा है और पुलिस प्रशासन को इस पर लगाम लगाने की जरूरत है। पुलिस इस मामले में तेजी से कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कई टीमें गठित की हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही इस मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।



# नवादा में 24 घंटे के अंदर 45 फरार अपराधियों की हुई गिरफ्तारी : एसपी

लोक तंत्र की आवाज

**सुनील कुमार**

**नवादा।** नवादा जिले विभिन्न थानाक्षेत्रों से एक दिन में 24 घंटे के अंदर 45 फरार अपराधियों की गिरफ्तारी हुई है। पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने बताया कि 12 दिसम्बर को नवादा जिला में पुलिस द्वारा जो विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, उनमें अनुसूचित जाति/जनजाति में 01, पोक्सो एक्ट में 01, मद्य निषेध में 06, हत्या के प्रयास में 01 एवं अन्य गिरफ्तारी 36 कुल 45 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 02 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। वारंट के निष्पादन की संख्या 386 एवं कुर्की के निष्पादन की संख्या 32 है। वाहन जॉच के क्रम में कुल 586 वाहनों की जॉच की गयी है एवं फाईन की कुल राशि 57 हजार 500 रूपया वसूला गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है। नवादा पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता है।



## संक्षिप्त खबरें ।

### अधिकारियों की देखरेख में अतिक्रमण हटाने का कार्य जारी



**घनश्याम तिवारी**

शुक्रवार को प्रातः 11 बजे से अतिक्रमण अभियान जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, एवं नगर पालिका प्रशासन की देख रेख में अभियान के दौरान एल आई सी मोड़ से शनिचरी मंदिर तक सड़क के दोनों तरफ पटरी व नाली पर किये गये अस्थाई व स्थाई अवैध अतिक्रमण को हटाया गया। साथ ही यह चेतावनी दी गयी कि अपने निजी भूमि पर ही दुकान लगाकर अपना व्यापार करें। सभी दुकानदारों से अपने दुकान के समक्ष नो पार्किंग का नोटिस लगाने और वाहनों को सड़क से कम से कम दो मीटर छोड़ कर ही पार्किंग करने की अपील की गई। अभियान के दौरान कुल 25 अतिक्रमणकारियो से अर्थदंड के रुप में रुपए 38500/- की वसूली की गईजिसमें अधिशासी अधिकारी सुभाष कुमार ,नायब तहसीलदार प्रदीप यादव, लेखपाल विवेक सिंह , सफाई एवं खाद्य निरीक्षक अहमद नदीम, राजस्व निरीक्षक अभिषेक सिंह, भारत भूषण मिश्र, अनिल राम, संतोष पाण्डेय आदि सम्मिलित रहे।

### निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा



**घनश्याम तिवारी**

**बलिय।** मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज कलेक्ट्रेट सभागार में 50 लाख की लागत से अधिक की निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा के दौरान संबंधित अधिकारियों से कहा कि परियोजनाओं के निर्माण कार्य में समस्या आ रही है, तो संबंधित अधिकारियों से समन्वय कर समस्या का निस्तारण कराते हुए निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण कराया जाय। जिन परियोजनाओं का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है, उन परियोजनाओं को हैंडओवर कर दिया जाय। उन्होंने राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज बैरिया का निर्माण कार्य, नगर पंचायत कार्यालय भवन नगरा का निर्माण कार्य व नगर पंचायत कार्यालय भवन रतसर कला का निर्माण कार्य तथा आईटीआई रसड़ा व सीयर, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय रसड़ा में हॉस्टल का निर्माण कार्य, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बलिया एवं राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय हुसैनाबाद आदि परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान संबंधित अधिकारियों से कहा कि शेष रह गए कार्यों को तेजी से पूर्ण कराकर हैंडओवर किया जाय। उन्होंने अधिशासी अभियंता,जल निगम से कहा कि पाइपलाइन बिछाने के दौरान तोड़ी गई सड़क को ठीक करवाया जाय।

### बिजनौर पुलिस की गिरफ्त में आया फरार रईस



**रिपोर्ट असमीन सलमानी**

**किरतपुर।** फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिये चलाये जा रहे अभियान में स्थानीय पुलिस ने मौहल्ला अन्सारियान निवासी रईस पुत्र अब्दुल अजीज को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि रईस धारा 292 में अदालत से वांछित था। उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में वांछित अभियुक्तों की धड़पकड़ के लिये चले अभियान में किरतपुर पुलिस द्वारा म०अ०सं० 199 / 1995 धारा 292 भादवि में अदालत से फरार अभियुक्त रईस पुत्र अब्दुल अजीज निवासी मौ०अन्सारियान को गिरफ्तार किया है। उक्त अभियुक्त के खिलाफ न्यायालय अपर सिविल जज (सी० डि०) कोर्ट सं० 1 बिजनौर द्वारा 9 सितम्बर 2024 को धारा 299 सी आर पी सी के अन्तर्गत फरार घोषित किया गया था। स्थायी वारण्ट जारी किये गये थे। गिरफ्तार करने वाली टीम में उ०नि० अर्जुन तोमर, हे० कां० लालू यादव, कां० गौरव तेवतिया रहे।

# बिजनौर खुद को ट्रेन के डिब्बे में बंद कर दी आत्मदाह की धमकी, भू-माफियाओं के कब्जे से जमीन छुड़ाने के लिये उठाया कदम

**लोकतंत्र की आवाज**



**रिपोर्ट गुरप्रीत सिंह**

बिजनौर रेलवे स्टेशन पर कई घंटे रहा हाई वोल्टेज ड्रामा बिजनौर एक व्यक्ति पेट्रोल लेकर ट्रेन के डिब्बे में बैठ गया और आत्मदाह की धमकी देने लगा। उसकी धमकी से प्रशासन में हड़कम्प मच गया। चांदपुर क्षेत्र के ग्राम पीपलसाना निवासी भारत नभूषण की यहां आदमपुर रमें ससुराल है। उसके कोई साला नहीं। ससुर के निधन के बाद भारत भूषण ही ससुराल की देखभाल करता है। भारत भूषण के अनुसार सेट्रल वेयर हाउस के पास उसके ससुर की कुछ जमीन थी। जिसमें से करीब चार बीघा जमीन उसने कुछ लोगों को बेच दी थी। भारत भूषण ने बताया कि जमीन खरीदने वाले लोग भू-माफिया हैं। उन्होंने खरीदी गई जमीन के साथ-साथ उसके ससुर की कुछ और जमीन पर भी कब्जा कर लिया। वह कई वर्षों से अपने ससुर की जमीन को कब्जा मुक्त कराने के लिये लेकिन भू-माफिया जमीन नहीं छोड़ रहे। अधिकारी क कोई कार्यवाही नहीं कर रहे हैं। परेशान होकर भारत भूषण आज सुबह चांदपुर से गजरौला पैसेंजर ट्रेन में प्रशासनिक अधिकारियों के चक्कर काट रहा है, चढ़ा। उसने खुद को विकलांग बोगी में बंद कर लिया। भारत भूषण के पास एक बोतल में पेट्रोल था। ट्रेन के बिजनौर पहुंचते-पहुंचते प्रशासनिक अधिकारियों व पुलिस तक ये खबर पहुंच गयी कि भारत भूषण ने खुद को ट्रेन की विकलांग बोगी में बंद कर लिया है। उसके पास पेट्रोल है और वह आत्मदाह की धमकी दे रहा है। बिजनौर रेलवे स्टेशन पर कई घंटे हाई वोल्टेज ड्रामा रहा। एडीएम सदर अवनीश कुमार, सीओ सिटी संग्राम सिंह व रेलवे के अन्य अधिकारी भारत भूषण को ट्रेन से उतारने की कोशिश करते रहे, लेकिन भारत भूषण ट्रेन से नहीं उतरा। अधिकारी व्हाट्सएप के माध्यम से भारत भूषण को मनाते रहे। लेकिन वह नहीं माना। शिव सेना के जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख विनोद राठी सहित अनेक लोग भी रेलवे स्टेशन पहुंचे। उन्होंने भी भारत भूषण को मनाने की कोशिश की। लेकिन वह अपनी जिद पर अड़ा रहा। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद भारत भूषण ट्रेन से उतरा। तब अधिकारियों ने राहत की सांस ली। इस बीच ट्रेन बिजनौर रेलवे स्टेशन पर ही खड़ी रही। एसडीएम सदर ने भारत भूषण आश्वासन दिया है कि वे जांच कराकर उसकी जमीन को कब्जामुक्त करायेंगे।

# बिजनौरः खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा गंगा बैराज घाट पर चलाया गया ट्रेनिंग प्रोग्राम



**लोकतंत्र की आवाज**

**रिपोर्ट राजेंद्र चौहान**

बिजनौर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा **fssai** का **fostac** ट्रेनिंग प्रोग्राम चलाया गया जिसमें ट्रेनर श्री जोगिंदर सिंह द्वारा सभी व्यापारी, विक्रेताओं /स्ट्रीट फूड वेंडर को खाद्य पदार्थ जैसे पनीर के पकोड़े ,समोसा ,पकौड़ी आदि को अत्यधिक बार खाने के तेल में फ्री नए करने के बारे में एवं रंगीन मिठाइयों को ना भेजने के संदर्भ में जागरूक किया गया तथा उनको अनहाइजीनिक तरीके से खाद्य पदार्थों को भंडार नहीं करने के दिशा निर्देश दिए गए. साथ ही व्यक्तिगत साफ सफाई रखने के लिए जागरूक किया।समस्त खाद्य कारोबारियों/मिठाई विक्रेताओं/ स्ट्रीट फूड वेंडर को निर्देशित किया कि अधिक मात्रा में खाद्य पदार्थ तैयार न करे ,आवश्यकता अनुसार करे एवम् तैयार खाद्य पदार्थों को ढक कर सुरक्षित स्थान पर रखे , अखबार में खाद्य पदार्थों को परोसकर न देने के बारे में बताया एवम् खुले खाद्य मसाले/तेल एवम् रंगीन कचरी/रंगीन मिठाईयां खाद्य पदार्थों का भण्डारण तथा क्रय-विक्रय उनके द्वारा न किया जाये। एवं ट्रेनिंग के दौरान सभी स्ट्रीट फूड वेंडर को खाद्य पंजीकरण से आच्छादित किया गया।इस दौरान स्ट्रीट फूड वेंडर की संख्या 35 रही। इस प्रोग्राम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री संजीव कुमार ,खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण श्री राजीव कुमार, श्री अनिल कुमार, रेनू सिंह, अनुपम यादव आदि मौजूद रहे।

## चिन्हित स्थानों पर अलाव जलाए जाने एवं रैन बसेरे का निरीक्षण



**लोकतंत्र की आवाज़**

**घनश्याम तिवारी**

**बलिया।** जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार के निर्देश पर आमजन को शीतलहर/ठण्ड से बचाव लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के दृष्टिगत उप जिलाधिकारी, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार अपने-अपने क्षेत्र में रात्रि भ्रमण कर चिन्हित स्थानों पर अलाव जलाए जाने एवं रैन बसेरे में आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों/कार्मिकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान खुले में रात गुजार रहे लोंगों को रैन बसेंरा में भेजा गया यह जानकारी अपर जिलाधिकारी डी0पी0 सिंह ने दी।

## नीलगाय को खा गया बाघ, रहमान खेड़ा गांव के पास खूंखार जानवर के मूवमेंट से दहशत में लोग; लगाए गए पिंजरे

**लोक तंत्र की आवाज**



**रत्ना**

**लखनऊ ।** डीएफओ डॉ. सिंतानु पांडेय का कहना है कि 13 सेमी के पगचिंह मिले है और शिकार पर नील गाय का किया गया है उससे साफ है कि यह बाघ ही है। बाघ को पकड़ने के लिए घेराबंदी की जा रही है। काकोरी के रहमान खेड़ा के बाद अब वन्यजीव के पैरों के निशान पास के ही गांव करझन में दिखे थे। इस घटना के बाद जागे वन विभाग के अधिकारियों ने अब कल से दो पिंजड़ा और पांच कैमरे और लगाने का निर्णय लिया है। इस घटना से काकोरी से लेकर मलिहाबाद और आसपास के इलाकों में दहशत फैल गई है।वन विभाग के अधिकारी रहमान खेड़ा के बहता नाले के पास से पिंजड़ा लगाकर हटे ही थे कि उसके कुछ देर बाद ही बाघ ने नील गाय को दबोच लिया। यह वहीं जगह है, जहां पर मार्च 2012 में बाघ आया था और 109 दिन बाद उसे पकड़ा गया था।काकोरी के रहमान खेड़ा के बाद अब वन्यजीव के पैरों के निशान पास के ही गांव करझन में दिखे थे। बुधवार को एक वीडियो प्रसारित हुआ था, जिसमें कोई वन्यजीव खेत में टहलता दिख रहा है। हालांकि वीडियो सुबह का था और उस समय कोहरा था। ऐसे में पुष्टि नहीं हो पा रही थी कि कि कौन सा वन्यजीव है।

## 'कई जगह सिकुड़ रहीं हमारी सीमाएं', 'संविधान पर चर्चा' के दौरान सरकार पर बरसे अखिलेश; अतीक अहमद पर भी बोले

**लोक तंत्र की आवाज**



**रत्ना**

**लखनऊ।** लोकसभा में संविधान पर चर्चा के दौरान सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार को जमकर घेरा। कहा कि वोट डालने जा रहे लोगों को डराया-धमकाया गया। यूपी में कई लोगों को वोट डालने से रोका गया। क्या यही लोकतांत्रिक गणराज्य है? कहा कि कई जगहों पर हमारी सीमाएं सिकुड़ रहीं हैं। अखिलेश जातीय जनगणना पर भी बोले। कहा कि जातीय जनगणना होनी चाहिए। यूपी में कई लोगों को वोट डालने से रोका गया। क्या यही लोकतांत्रिक गणराज्य है? कहा कि कई जगहों पर हमारी सीमाएं सिकुड़ रहीं हैं। अखिलेश जातीय जनगणना पर भी बोले। कहा कि जातीय जनगणना होनी चाहिए। हमें मौका मिला तो जातीय जनगणना कराएंगे। ये नहीं करा पाएंगे तो हम जातीय जनगणना कराएंगे। आगे कहा कि डबल इंजन की सरकार में अब डिब्बे भी टकराने लगे हैं। न्याय मांगने के लिए आत्मदह करना पड़ रहा है। अखिलेश यादव ने अतीक अहमद के पुलिस सुरक्षा में मारे जाने का सवाल भी उठाया। कहा कि हिरासत में मौत के मामले में नंबर वन हो रहा है यूपी। अखिलेश ने कहा कि हमें अग्निवीर योजना कभी मंजूर नहीं होगी। पहले की तरह भर्ती होगी तो सीमाएं सुरक्षित रहेंगी। कई जगहों पर हमारी सीमाएं सिकुड़ रहीं हैं। इस सरकार में लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ हुआ है। हालांकि अब 400 पार के नारे को जनता ने नकार दिया है।

## लखनऊ : स्कूलों में शत प्रतिशत उपस्थिति होने वाले छात्रों को क्या मिलेगा? अधिकारियों को निर्देश जारी

**लोक तंत्र की आवाज**



**रत्ना**

**लखनऊ।** परिषदीय प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्कूलों में शत-प्रतिशत उपस्थिति वाले छात्रों और उनके अभिभावकों को वार्षिकोत्सव में सम्मानित किया जाएगा। यह पहल छात्रों को नियमित रूप से स्कूल आने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से की जा रही है। वार्षिकोत्सव में खेलकूद प्रतियोगिताएं सांस्कृतिक कार्यक्रम और सम्मान समारोह आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर बच्चों के शैक्षिक प्रदर्शन शिक्षण सामग्री के बारे में अभिभावकों को जानकारी दी जाएगी।सम्मान पाने वाले छात्रों से दूसरे विद्यार्थी भी प्रेरित होंगे और वह भी उपस्थिति के प्रति गंभीर होंगे। अभी 1.33 लाख स्कूलों में 1.54 करोड़ विद्यार्थी पढ़ रहे हैं और औसतन 60 प्रतिशत विद्यार्थी ही उपस्थित रहते हैं। ऐसे में उपस्थिति बढ़ाने के लिए छात्रों व शिक्षकों की टोली अनुपस्थित छात्रों के घर भेजने के साथ-साथ यह पहल भी की जा रही है।प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया (पीएम श्री) के 724 विद्यालयों को छह-छह हजार रुपये वार्षिकोत्सव मनाने के लिए दिए गए हैं। वहीं बाकी विद्यालयों में कंपोजिट ग्रांट से वार्षिकोत्सव मनाने के लिए धनराशि दी गई है। खो-खो, ऊंची कूद, लंबी कूद व दौड़ इत्यादि प्रतियोगिताओं के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। स्कूल स्तर के साथ ही जिला स्तर पर खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

# बिजनौर पेट्रोल की बोतल-लेकर ट्रेन के डिब्बे में बंद हुआ युवकः आत्मदाह करने की दी धमकी

**लोकतंत्र की आवाज़**

**रिपोर्ट जसवीर सिंह**

उत्तर प्रदेश के जनपद बिजनौर की तहसील चांदपुर में जमीन पर भू-माफियाओं ने कर रखा था कब्जा बता जा रहा है बिजनौर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में सवार एक यात्री ने तेल की बोतल हाथ में लेकर अपने आप को दिव्यांग डिब्बे में बंद कर लिया। जमकर हंगामा करने लगा। सूचना पर भारी संख्या पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। युवक को समझा बूझकर ट्रेन से उतारने के प्रयास में जुटी रही। करीब 3 घंटे बाद पुलिस ने उसे बाहर निकाल लिया है। दरअसल, मामला बिजनौर शहर कोतवाली के रेलवे स्टेशन का है। जहां शुक्रवार को करीब सवा दस बजे गजरौला सेनजीबाबाद जा रही पैसेंजर ट्रेन के दिव्यांग डिब्बे में एक व्यक्ति ने खुद को बंद कर लिया। तेल की बोतल हाथ में लेकर जमकर हंगामा कर अपने आप को आत्मदाह करने की चेतावनी देने लगा। युवक का शोर सुनकर स्टेशन पर मौजूद आसपास के काफी लोगों की भीड़ जमा हो गई।3 घंटे ट्रेन के अंदर बंद रहा सूचना पर दमकल विभाग की दो गाड़ी, एसडीएम सदर अवनीश कुमार, सीओ सिटी संग्राम सिंह, शहर कोतवाल उदय प्रताप, भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।



करीब 3 घंटे बाद प्रशासन ने व्यक्ति को नीचे उतार लिया है। करीब तीन घंटे रेलवे स्टेशन पर ही ट्रेन खड़ी रही है, सभी यात्री परेशान रहे । फिलहाल 3 घंटे बाद ट्रेन को रवाना कर दिया गया है। माफियाओं ने जमीन पर कर रखा था कब्जा ट्रेन पर अपने आप को बंद करने वाला व्यक्ति का नाम भारत भूषण है, जो चांदपुर क्षेत्र के पीपलसाना का रहने वाला है। उसका कहना है कि उसकी ससुराल वालों की जमीन लगभग तीन जगह बिजनौर शहर कोतवाली क्षेत्र के आदमपुर इलाके में है। जहां कुछ कॉलोनाइजर और माफियाओं ने उसके सास और ससुर की जमीन पर कब्जा कर लिया है। पिछले तीन से चार साल से परेशान था वह पिछले तीन से चार साल से परेशान है। कई बार अधिकारियों के चक्कर काट चुका है, लेकिन उसकी कोई बात सुनने को तैयार नहीं था। जिसके चलते उसने आज कदम उठाया है। अब अधिकारियों ने उसे की जमीन छुड़ाया जाने का आश्वासन दिया है।एसडीएम के आश्वासन के बाद माना वहीं एसडीएम सदर अवनीश कुमार का कहना- ट्रेन में चढ़े व्यक्ति को करीब 3 घण्टे बाद आश्वासन देकर उतार लिया गया है। उसका कहना है कि उसकी जमीन पर कुछ लोगों ने कब्जा किया गया। इस पूरे मामले की जांच की जाएगी । अन्य कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## बिजनौर पहुंची निषाद पार्टी की संवैधनिक अधिकार यात्रा

**लोकतंत्र की आवाज**



रिपोर्ट मुकेश सिंहबिजनौर निषाद पार्टी के तत्वावधान में निकाली जा रही संवैधानिक अधिकार यात्रा बाहरवें दिन जनपद विजनौर पहुंची। यात्रा नुमाइश ग्राउंड से शक्ति चौक से थाना कोतवाली शहर से नगीना बाईपास से एचएम स्कूल ग्राम पैदी से मोमीनपुर दरगोह से कृष्णा कॉलेज से चांदपुर की चुंगी से मुकरपुर गुर्जर से हीमपुर दीपा से चांदपुर से नूरपुर से कुमाखिया से हिरणपुरा तक निकली गई। यात्रा जनपद सहारनपुर से प्रारंभ हुई है और जनपद सोनभद्र तक 200 विधानसभा का सफर तय करेगी और यात्रा का समापन नई दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में किया जाएगा। इस दौरान पार्टी के प्रमुख और कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज दिनांक 13 दिसंबर 2024 दिन शुक्रवार को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा मछुआ/निषाद समाज की संस्कृतिक धरोहर को विश्वपटल पर नई दिशा-पहचान मिलने जा रही है। इस अवसर पर पूर्व सांसद प्रवीण निषाद, व्यास मुनि निषाद नवीन कश्यप, दीपक कश्यप, मुकेश कश्याप, विपिन कश्यप, रवीन्द्र कश्यप, भूपेन्द्र कश्यप, श्रीमती शिवशशि रानी, बाबू राम कश्यप, वीर सिंह कश्यप, रुचि देवी, रानी देवी, प्रियंका देवी, कुसुम देवी, गुंजा निषाद, जनकन्दनी निषाद, आरती निषाद समेत अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### मोतिहारी पुलिस ने बड़ी कार्रवाईः दो करोड़ की कीमत के 378 किलों गांजे के साथ पांच तस्करों को किया गिरफ्तार




लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरो चीफ मोतिहारी
पूर्वी चंपारण। मोतिहारी पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई में डेढ़ करोड़ रुपये से अधिक कीमत के 378 किलो गांजे के साथ पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस ने एक ट्रक और एक स्कॉर्पियो और नकद भी बरामद किया है।पुलिस सूत्रों के अनुसार, एसपी स्वर्ण प्रभात को मिली गुप्त सूचना के आधार पर अरेराज डीएसपी रंजन कुमार के नेतृत्व में पहाड़पुर थाना पुलिस ने यह कार्रवाई की। पुलिस ने बताया कि तस्करों ने गांजे को एक ट्रक में छुपाकर रखा था और इसे दूसरे राज्य में ले जा रहे थे। पुलिस सूत्रों के अनुसार, एसपी स्वर्ण प्रभात को मिली गुप्त सूचना के आधार पर अरेराज डीएसपी रंजन कुमार के नेतृत्व में पहाड़पुर थाना पुलिस ने यह कार्रवाई की। पुलिस ने बताया कि तस्करों ने 378 किलो गांजा एक ट्रक में छुपाकर दुसरे राज्य में ले जा रहे थे। सूचना के आधार पर ट्रक समेत पांच तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।

### मोतिहारीः पुलिस ने एक वारंटी और एक पियक्कड़ को किया गिरफ्तार,भेजा जेल




लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरो चीफ मोतिहारी शशिकांत
पूर्वी चम्पारण। तुरकौलिया थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने कांडों के फरार चल रहे वारंटी को पकड़ने के लिए दिन रात एक कर छापेमारी करने में लगे है। जिसके चलते वारंटी या तो न्यायालय में आत्म समर्पण करने पर मजबूर होते है। या तो तुरकौलिया पुलिस के गिरफ्त में होते है। इसी कड़ी में तुरकौलिया पुलिस ने कांडों के फरार चल रहे वारंटी व शराब पीने वाले सहित दो व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी थाना क्षेत्र अंतर्गत तुरकौलिया मध्य पंचायत के सेनवरिया गांव के देवनारायण पंडित का पुत्र संजय पंडित है। जो शराब पी कर गांव में ही हल्ला कर रहा था। जिसे एसआई मंदन कुमार रात्रि ग़स्ती के दौरान गिरफ्तार किया है। वहीं माधोपुर पंचायत से तेगा ठाकुर का पुत्र छठू ठाकुर को पुलिस ने पकड़ा है। जो कई महीनों से फरार चल रहा था। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि एक वारंटी और एक शराबी को पकड़ा गया है। जिसे जेल भेज दिया गया है।

### केसरियाः रामपुर खजुरिया पैक्स प्रबंध समिति की बैठक हुई

लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरो चीफ मोतिहारी
केसरिया। रामपुर खजुरिया पैक्स प्रबंध समिति के बैठक प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी केसरिया के उपस्तिथि में शुक्रवार दिनांक 13.12.2024 को सम्पन्न हुई।जिसमे प्रबंध समिति के सभी सदस्यगण भी उपस्थित रहें। तों वही पैक्स अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह ने कहा कि सभी किसान भाइयों से अनुरोध है कि धान सुखाकर एवं साफ सुथरा धान क्रय केंद्र पर लायें। वही धान अधिप्राप्ति वर्ष 2024/2025 हेतु ग़ैर रैयत किसान भाइयों को धान बेचने हेतु आवश्यक कागजात लाने का आग्रह किया। साथ ही उन्होंने कहा कि धान अधिप्राप्ति 1 नवंबर 2024 से 15 फ़रवरी 2025 तक तक चलेगा। तों वही रामपुर खजुरिया के पैक्स सदस्यों के द्वारा जय किसान जय जवान,जय सहकारिता का नारा भी दिया गया। इस कार्यक्रम के मौके पर समाजसेवी अमरेंद्र सिंह,राजू सिंह समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### गौनाहा सुबह टहलने को निकली महिला पर भालू ने हमला कर किया जख्मी



लोकतंत्र की आवाज
गौनाहा। सहोदरा थाना क्षेत्र के देवाढ़ गांव के समीप सीमा सड़क पर टहल रही एक महिला पर भालू ने हमला कर बुरी तरह से जख्मी कर दिया है। महिला की पहचान देवाढ़ निवासी चंददन दहइत की पत्नि निराशा देवी के रूप में हुआ है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ शशि कुमार ने बताया कि महिला का प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज के लिए बेतिया रेफर कर दिया गया है। घटना के संबंध मे स्थानीय लोगों ने बताया कि निराशा अन्य महिलाओं के साथ सीमा सड़क पर सुबह के पांच बजे टहल रही थी। तभी पोखरा के झाड़ियों में से भालू निकल कर हमला कर दिया। अन्य महिलाओं के शोरगुल पर भालू महिला को छोड़कर भाग गया। आनन-फानन में परिजनों ने उसे लेकर गौनाहा पहुंचे जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज के लिए बेतिया रेफर कर दिया गया। रेंजर सुनील कुमार पाठक ने बताया कि सुचना पर वनकर्मियों को स्थल पर भेज कर जांच पड़ताल कराया जा रहा है। घायल महिला के द्वारा आवेदन देने पर मुआवजा दिलाया जाऐगा।

# गौनाहा के डारौल विद्यालय में सात दिवसीय स्काउट एंड गाइड का प्रशिक्षण शिविर शुरू



**लोकतंत्र की आवाज**

**गौनाहा।** प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय डारौल मे शुक्रवार को 7दिवसीय स्काउट प्रशिक्षण का शुभारम्भ समारोह पूर्वक की गयी। स्काउट कोर्स के जिला प्रशिक्षक विनय कुमार के नेतृत्व मे बच्चों को स्काउट का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण का शुभारम्भ करते हुए उन्होंने कहा कि स्काउट के प्रशिक्षण से बच्चों मे अनुसासन, चरित्र निर्माण, शारीरिक, मानसिक बौद्धिक एवं आध्यात्मिक विकाश होता है।

7 दिवसीय प्रवेश स्काउट कोर्स के जिला प्रशिक्षक विनय कुमार ने कहा कि जिला शिक्षा पदाधिकारी रजनीकांत प्रवीण, जिला संगठन आयुक्त आपा कुमार शर्मा, जिला मुख्य आयुक्त नागेंद्र नाथ शर्मा, जिला सचिव वोट चतुर्वेदी के निर्देशानुसार 7 दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारम्भ स्काउट प्रशिक्षण मे बच्चों के बीपी, व्यायाम, परेड, ध्वज, शिष्टाचार, ताली बजाना, तम्बू बनाना, खेलकूद, गीत, संगीत इत्यादि सिखाया जायेगा। विद्यालय के प्रधानाध्यापक शनि सिंह यादव ने स्काउट प्रशिक्षण के उद्‌घाटन भाषण मे कहा कि स्काउट गाइड प्रशिक्षण से बच्चों मे चरित्र निर्माण होता है। स्काउट मास्टर कपिलदेव ने कहा कि स्काउट गाइड प्रशिक्षण से बच्चों मे सेवा कि भावना का विकाश होता है तथा बच्चों मे अनुसासन कि भावना जागृत होती है। स्काउट प्रशिक्षण के उद्‌घाटन समारोह मे शिक्षक पवन पाण्डेय, अशोक प्रजापति, सुनील कुमार, शिक्षिका नुसरत हुसैन, कविता कुमारी, सुनीता वर्मा, प्रियंका कुमारी, मधुबाला कुमारी, मोहित अग्निहोत्री आदि शामिल थे।

## पुजारी हत्याकांड के गवाह को मारी गोली, गंभीर हालत में भर्ती



**लोक तंत्र की आवाज**

**मुरारी झा**
**दरभंगा।** शहर के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के कंकाली मंदिर के पुजारी राजीव झा की हत्या के गवाह उनके 23 वर्षीय पुत्र आयुष वैभव को गोली मारकर जख्मी कर दिया गया है। फिलहाल उसका इलाज डीएमसीएच के इमरजेंसी विभाग में चल रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना गुरुवार को सीतामढ़ी जिले के चेरौत-पुपरी के बीच हुई है। बताया जाता है कि आयुष वैभव अपने चाचा के अंतिम संस्कार में गया हुआ था। वहां से लौटने के दौरान दो बाइक सवार अज्ञात अपराधियों ने रास्ते में घेर लिया और नाम पूछा। इस पर आयुष वैभव ने अपना परिचय दिया। परिचय सुनते ही अपराधियों ने उसपर पिस्तौल तान दी और पूछा कि पुजारी की हत्या में गवाही क्यों दें रहे हो। इस पर आयुष ने अपराधियों से कहा कि आप कौन है और मुकदमे से क्या मतलब है। इतना सुनते ही अपराधी ने फायरिंग कर दिया।

आयुष वैभव ने फायरिंग के दौरान पिस्तौल पर हाथ मार दिया, जिस कारण से उसके गोली हथेली को छेदकर निकल गई। आयुष के चिल्लाने और फायरिंग की आवाज पर लोग दौड़े तो अपराधी फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने परिजनों की सूचना दी, जिसके बाद आनन-फानन में आयुष को डीएमसीएच इमरजेंसी में भर्ती कराया गया है।

बताते चलें कि करीब डेढ़ वर्ष पहले कंकाली मंदिर के पुजारी एवं आयुष वैभव के पिता राजीव झा की हत्या गोली मारकर की गई थी, जिसका मुकदमा दरभंगा सिविल कोर्ट के जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सुमन कुमार दिवाकर की अदालत में चल रहा है। इस मामले में अभियोजन की ओर से आठ गवाहों की गवाही कराई गई है। जल्द ही इसका फैसला आनेवाला है। आयुष वैभव के परिजन प्रवीण कुमार ने बताया कि इसी मामले को लेकर गोली मारी गई है। उन्होंने आयुष की सुरक्षा की मांग की है। उन्होंने आशंका जताई है कि अपराधी दोबारा भी हमला कर सकते हैं।

## मोतिहारीः जिला के टाउन हॉल में जन वितरण विक्रेताओं का जिला सम्मेलन किया,जिसमें प्रदेश महामंत्री वरुण कुमार सिंह हुए उपस्थित



**लोकतंत्र की आवाज**
**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**
**मोतिहारी।** दिनांक 13 दिसंबर 2024 को बिहार प्रदेश फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन के प्रदेश महामंत्री वरुण कुमार सिंह प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सच्चिदानंद उपाध्याय प्रदेश संगठन मंत्री सूरज देव पासवान की उपस्थिति में मोतिहारी जिला फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन के सभी प्रखंड अध्यक्ष सचिव एवं सभी जन वितरण विक्रेताओं की उपस्थिति में मोतिहारी जिला के नगर टाउन हॉल में बैठक हुई। जिसमें 17 दिसंबर 2024 को पटना के गर्दनीबाग में विक्रेताओं की लंबी मांग को पूरा करने के लिए निर्णय लिया गया। जिसकी शुक्रवार को घोषणा की गयी। वरुण कुमार सिंह प्रदेश महामंत्री फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन बिहार पटना, समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## दरभंगा : केंद्र सरकार के निर्णय के विरोध में विद्यापति सेवा संस्थान का धरना-प्रदर्शन शुरू

**लोकतंत्र की आवाज**

**मुरारी झा**
**दरभंगा** । केंद्र सरकार द्वारा आकाशवाणी दरभंगा को बंद करने की साजिश के खिलाफ विद्यापति सेवा संस्थान ने शुक्रवार को पूर्वाहन 11 बजे से आकाशवाणी दरभंगा केंद्र पर विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। जानकारी देते हुए संस्थान के महासचिव डॉ बैद्यनाथ चौधरी बैजू ने बताया कि शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित होने वाले इस विरोध प्रदर्शन में मिथिला मैथिली से जुड़ी विभिन्न संस्थाओं के साथ-साथ अनेक बुद्धिजीवी एवं समाजसेवी इस प्रदर्शन में भाग लेंगे।

उन्होंने कहा कि मिथिला के साढ़े



आठ करोड़ मैथिली भाषियों की आत्मा आकाशवाणी दरभंगा में बसती है। यह केन्द्र वर्ष 1976 से अब तक मैथिली भाषा के विकास, मिथिला संस्कृति का संरक्षण, मैथिली गीत संगीत का संवर्धन करती आ रही है। दुर्भाग्यवश इन दिनों इस केन्द्र पर किसी की बुरी नजर लग गई है। कुछ दिन पूर्व इस केन्द्र की प्रशासनिक व्यवस्था आकाशवाणी पटना केंद्र के अधीन कर दी गई। अब सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रसार भारती आगामी माह से आकाशवाणी दरभंगा केंद्र को मात्र रिले केन्द्र बनाने जा रही है । यहाँ से अब कार्यक्रमों का निर्माण नहीं के बराबर होगा जो साढ़े आठ करोड़ मैथिली भाषियों के दिल को आहत करने वाली खबर है।

उन्होंने कहा कि साढ़े आठ करोड़ मैथिली भाषियों के भावना का सम्मान करते हुए आकाशवाणी के दरभंगा केंद्र को मैथिली भाषा का केंद्र घोषित करते हुए इसके अस्तित्व को बनाए रखने की मांग को लेकर यह धरना प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से किया जाएगा और ज्ञापन सौंपा जाएगा।

## बगहा विधायक एवं विधानसभा प्रभारी सह जिला संगठन पर्व सह प्रभारी ने नव निर्वाचित बूथ अध्यक्ष को सम्मानित किए



**लोकतंत्र की आवाज**

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**बगहा।** स्थानीय विधायक राम सिंह एवं विधानसभा प्रभारी सह जिला संगठन पर्व सह प्रभारी सूरज प्रसाद सिंह ने नव निर्वाचित बूथ अध्यक्ष को सम्मानित किए।सम्पूर्ण प्रदेश में भाजपा संगठन पर्व मना रही है इस क्रम में संगठन के सभी चुनाव क्रम अनुसार किये जा रहे हैं,बूथ स्तर मंडल स्तर पर नए पदाधिकारी बनाए जा रहे है।

बगहा विधानसभा अंतर्गत चिउंटाहा मंडल के शक्तिकेन्द्र चमवलिया के बूथ संख्या-38 के बूथ अध्यक्ष शंकर उरांव को सम्मानित किया गया एवं उनके अध्यक्षता में बूथ भ्रमण किया गया।कार्यक्रम मे बगहा विधायक राम सिंह,विधानसभा प्रभारी सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सूरज प्रसाद सिंह,मंडल अध्यक्ष देवेंद्र प्रसाद गुप्ता सहित बूथ समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## डीएम का नाम बेच बेतिया राज की भूमि पर घर बनाने का मामला आया प्रकाश में

**लोकतंत्र की आवाज**

**बेतिया।** आईटीआई खाता 2 खेसरा 319/1 की भूमि जों बेतिया राज की बकासबे भूमि है उस भूमि पर वरिष्ठ समाजसेवी पुण्यदेव प्रसाद बिगत 50 वर्षों से अपना घर एवं चार दिवारी बनाकर रह रहे हैं अब उस भूमि पर उनके भाई दीनबंधु आर्य तथा किशन देव प्रसाद घर बनाने कोशिश कर रहे और दावा कर रहे हैं बेतिया राज कि इस भूमि वे रजिस्ट्री करा लिये है उनके इस दावा में बेतिया अंचलाधिकारी की भूमिका संलिप्त दिख रही है।

जहां रविवार को स्वयं अंचलाधिकारी तथा मुफस्सिल थाना प्रभारी दल बल के साथ उक्त भूमि पर घर बनवाने चले आए और कहने लगे कि डि एम साहब का आदेश है अब सवाल यह है कि जहां बेतिया राज कि भूमि पर से अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए राजस्व अधिकारी के के पाठक पुरी तरह एक्शन में है।

वहीं दूसरी तरफ बेतिया सिओ उस पर धर बनवाने का हवाला दिया जाना कहां तक उचित है यह आम जन चर्चा का विषय है जबकि पुन्य देव प्रसाद के पास एक कठा एक धुर कि कबजवारी कागज़ात के साथ साथ बेतिया राज द्वारा उपलब्ध कराई गई कागज भी है वही दूसरी तरफ बेतिया राज कि रजिस्ट्री कराई गई भूमि का दवा करने वाले किशुनदेव प्रसाद एवं दीनबंधु आर्य पर कानूनी कार्यवाही नहीं किया जाना अंचल अधिकारी पर प्रश्न चिन्ह खड़ा कर रहा है क्योंकि दोनों रजिस्ट्री करायें व्यक्तियों के पास दाखिल खारिज नहीं है होगा भी नहीं क्योंकि इनके रजिस्ट्री करायें कागज का खतियान हि नहि है क्योंकि जंग जाहिर है जब भूमि रजिस्ट्री होता है तो बेचने वाले के नाम जामा बन्दी होना आवश्यक है और इनके पास नहीं है।

आम लोगों का कहना है कि यह रजिस्ट्री पुरी तरह फर्जीवाड़ा इस संबंध में स्थानीय वकील महंतों,सोना देवी, तारा देवी, शंकर यादव,नगनारण यादव,सिमा राय, विरेन्द्र यादव, जयप्रकाश सिंह, वार्ड पार्षद 31के प्रतिनिधि कृष्णा राम, बनारसी गुप्ता वार्ड 37 वार्ड पार्षद शैलेश कुशवाहा आदि का कहना है कि यह भूमि बेतिया राज कि बदलेन भूमि है और इस भूमि पर विगत कई सालों से समाज सेवी पुण्य देव प्रसाद रहते आ रहे हैं उनके दोनों भाई बेवजह परेशान कर रहे हैं तथा याहा इनको अभी तक किसी ने नहीं देखा ।

प्रशासन को चाहिए पहले जमीन का रजिस्ट्री दिखने वाले इन व्यक्तियों पर प्रशासनिक कार्यवाही करे जो समाज के साथ साथ प्रशासन को भी गुमराह कर रहे हैं वहीं इस संबंध में वरिष्ठ समाजसेवी पुन्य देव प्रसाद ने राजस्व अधिकारी के के पाठक समेत जिला अधिकारी समेत कई अधिकारीयों को लिखित शिकायत कि है

## केसरियाः रामपुर खजुरिया पैक्स प्रबंध समिति की बैठक हुई संपन्न

**लोकतंत्र की आवाज**

**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**
**केसरिया।** रामपुर खजुरिया पैक्स प्रबंध समिति के बैठक प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी केसरिया के उपस्तिथि में शुक्रवार दिनांक 13.12.2024 को सम्पन्न हुई।जिसमे प्रबंध समिति के सभी सदस्यगण भी उपस्थित रहें। तों वही पैक्स अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह ने कहा कि सभी किसान भाइयों से अनुरोध है कि धान सुखाकर एवं साफ सुथरा धान क्रय केंद्र पर लायें। वही धान अधिप्राप्ति वर्ष 2024/2025 हेतु ग़ैर रैयत किसान भाइयों को धान बेचने हेतु आवश्यक कागजात लाने का आग्रह किया। साथ ही उन्होंने कहा कि धान अधिप्राप्ति 1 नवंबर 2024 से 15 फ़रवरी 2025



तक तक चलेगा। तों वही रामपुर खजुरिया के सभी पैक्स सदस्यों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। वहीं सभी सदस्यों ने जय किसान जय जवान,जय सहकारिता का नारा भी दिया गया। इस कार्यक्रम के मौके पर समाजसेवी अमरेंद्र सिंह,राजू सिंह समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## मोतिहारीः रोज़गार सह मार्गदर्शन मेले का किया गया आयोजन

**लोकतंत्र की आवाज**

**ब्यूरो चीफ मोतिहारी शशिकांत**
**तुरकौलिया।** प्रखंड क्षेत्र के सेमरा टोला स्टेडियम में शुक्रवार को जीविका के माध्यम से रोजगार सह मार्गदर्शन मेले का आयोजन किया गया था। जिसका उद्धघाटन उपविकास आयुक्त शम्भु शरण पांडेय, डीआरडीए निदेशक जय राम चौरसिया व जीविका जिला परियोजना प्रबंधक गणेश पासवान ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। जहा डीडीसी ने जीविका दीदीयों की तारीफ करते हुए कहा कि दिदीया अब किसी से कमजोर नही है। कदम से कदम मिलाकर समाज के साथ आगे बढ़ रही है।

वही कहा कि मेले से युवाओं को रोजगार, नौकरी, स्वरोजगार मिलेगा। यह बहुत ही जीविका की अच्छी पहल है। जीविका कर्मियों ने डीडीसी को पौधा देकर स्वागत किया। बीपीएम दिग्विजय समदर्शी ने बताया कि एक दर्जन से अधिक कंपनियों ने अपना अपना स्टॉल लगाया था। रोजगार सह मार्गदर्शन मेले में 1137 युवक-युवतियों ने अपना निबंधन कराया है।

मेला के माध्यम से 278 युवक-युवतियों को ऑन द स्पॉट ऑफर लेटर दिया गया। डीडीयू-जीकेवाई के अंतर्गत कौशल प्रशिक्षण हेतु 112 युवाओं ने अपना निबंधन कराया। जिन्हें प्रशिक्षण उपरांत रोजगार दिया जायेगा। बता दें कि दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अंतर्गत यह मेला का आयोजन किया गया था। इस मौके बीपीएम के साथ सभी पंचायतों के जीविका दीदी मौजूद थे।



# संक्षिप्त खबरें ।

## वंशीधर के जीत पर शिक्षकों ने जताया खुशी का इजहार



समस्तीपुर। खानपुर व वारिसनगर के शिक्षकों ने ब्रजवासी के जीत पर जताया खुशी खानपुर प्रखंड के राजकीय उमवि हांसोपुर के एचएम कैलाश कुमार महतो, मृत्युंजय ठाकुर, सीमा कुमारी, कुमारी पूना, धंनजय सिंह, दयाशंकर, सुनील कुमार आदि ने कहा यह जीत शिक्षक एकता की जीत है। सभी ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर किया मुँह मीठा। इधर बीआरसी भवन वारिसनगर के प्रांगण में शिक्षकों ने मंगलवार के अपराह्न में एमएलसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से वंशीधर ब्रजवासी के जीत पर प्रखंडाधिन सभी शिक्षकों ने खुशी जाहिर करते हुए मिठाई एवं पटाखे के साथ खुशी जाहिर की।एक दूसरे के साथ गुलाल लगाकर मुबारक बाद दी। सभी संघ धारक ने कहा कि यह जीत सिर्फ ब्रजवासी की नहीं अपितु सभी शिक्षकों की है।इस अवसर पर प्रखंडाधिन सभी शिक्षक संघों ने उपस्थित होकर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि सड़क से सदन तक शिक्षको की चर्चा सम्भव है। मौके पर पूर्व बीआरपी चन्द्र भूषण ठाकुर, संजय रजक, हरे कृष्ण राय, संजय कुमार झा, धर्मेन्द्र कुमार राय, नितेश कुमार महतो, प्रशांत कुमार, राजेश कुमार, पंकज कुमार, विक्रम चौधरी, राम किशोर, सुभाष यादव, दिनेश कुमार, संजीत भारती, सरोज कुमार पांडेय, रामनाथ कुमार, विभाष कुमार सोनी, जितेंद्र कुमार पंकज, रंजीत कुमार साफी आदि मौजूद थे।

## ढोढ़ा में 15 दिसंबर से क्रिकेट टूर्नामेंट का होगा आगाज

धर्मेंद्र कुमार शर्मा

पकरीबरावां।पकरीबरावां प्रखंड के ढोढ़ा गांव में रविवार 15 दिसंबर को क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज होगा। आजाद हिंद युवा स्पोर्टिंग क्लब के सौजन्य से इंटर स्कूल ढोढ़ा के खेल मैदान पर क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। इसकी जानकारी देते हुए आयोजक रामलखन कुमार ने बताया कि रविवार को टूर्नामेंट का आगाज होगा। टूर्नामेंट में कुल सोलह टीमें हिस्सा ले रही है। सभी मैच सोलह– सोलह ओवर के होंगे। उद्घाटन मैच धमौल एवं धरहरा के बीच होगा। उन्होंने बताया कि टूर्नामेंट के फाइनल में विजेता के लिए 15000 रुपए जबकि उप विजेता के लिए 8000 रुपए का पुरस्कार रखा गया है। इसके अलावे विजेता एवं उप विजेता टीम को चमचमाती ट्रॉफी दी जाएगी।

## 16 अभियुक्त गिरफ्तार,वाहन जांच के दौरान 1,01,500 रुपये का काटा गया चालान।

ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा

बगहा।बगहा पुलिस जिला में विगत 24 घंटा में 16 अभियुक्त की गिरफ्तारी की गई है, कुल–35 वारंट, 04 कुर्की का निष्पादन किया गया हैं,जिसमें जमानतीय 02 अजमानतीय 35 है।उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक,बगहा सुशांत कुमार सरोज ने शुक्रवार को प्रेस रिलीज जारी करके दिया।उन्होंने बताया कि बगहा थाना,चौतरवा थाना,गोवर्धना थाना,भैरोगंज थाना,धनहाँ थाना द्वारा शराब के कांड, वारंट तथा अन्य कांड मामले 16 अभियुक्त गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।एसपी ने आगे बताया कि बगहा पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण हेतु वाहन जॉच किया गया। जाँच के क्रम में यातायात थाना द्वारा–41,500, बगहा थाना द्वारा–14,500, धनहां थाना द्वारा–14,500, चौतरवा थाना द्वारा–12,500, रामनगर थाना द्वारा–12,000, पटखौली थाना द्वारा–6,500, इस प्रकार कुल–1,01,500 रूपये का जुर्माना लगाया गया।

## एससी–एसटी एक्ट में फरार अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

मुरारी झा

घनश्यामपुर थाना की पुलिस ने शुक्रवार को जयदेवपट्टी गांव से एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया की तीन महीने पूर्व में जयदेवपट्टी गांव में मारपीट हुई थी। मारपीट के बाद श्रीवती देवी ने आवेदन देकर एक लोगों को नामजद किया था। जिसके विरुद्ध एससी एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। जिसमें पुलिस ने एक व्यक्ति को जयदेवपट्टी गांव से गिरफ्तार किया। जिसकी पहचान जयदेवपट्टी गांव निवासी श्याम झा के पुत्र शुभंकर झा के रूप में की है जिसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# जेल में नहीं थम रहा मोबाइल का खेल, नवंबर महीने में बंदियों का बात करते वीडियो तो दिसंबर में सेल्फ़ी लेते फ़ोटो हो रहा वायरल, आईजी ने कहा– पहले भी मिली शिकायतें, होगी गंभीरता से जांच

**जेल में बंदी फ़ोन से बात करते हीं हैं अब आराम से अपनी सेल्फ़ी ले रहे हैं**

लोकतंत्र की आवाज़

**गया।** गया सेंट्रल जेल के अंदरखाने में बड़ा खेल चलता है। हालिया नवंबर महीने में ही जेल से बंदियों का मोबाइल फ़ोन से बात करते वीडियो वायरल हुआ था। इस वीडियो के वायरल होने के एक महीने ही हुए हैं कि अब बंदियों के सेल्फ़ी वाला फोटो वायरल हो रहा है। जेल में बंदी फ़ोन से बात करते हीं हैं अब आराम से अपनी सेल्फ़ी ले रहे हैं। यह अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। हालांकि, यह सेल्फ़ी वाला फ़ोटो कब का है, इसकी स्पष्ट पुष्टि नहीं है, लेकिन यह स्पष्ट हो गया है, कि जेल में मोबाइल का बड़ा खेल हो रहा है। इधर इस मामले को लेकर मगध प्रक्षेत्र के आईजी क्षत्रनील सिंह ने कहा है, कि पूर्व में भी इस तरह की शिकायतें मिली थी अब फ़िर से इस तरह का मामला सामने आया है, तो इसकी गंभीरता से जांच की जाएगी। सेंट्रल जेल में बंदियों को के पास मोबाइल।गया सेंट्रल जेल के अधिकारियों की कार्यशैली हालिया दिनों में संदिग्ध रही है। कई तरह के मामले सामने आ चुके हैं, जिसमें जेल अफसरों की कार्यशैली पर उंगली उठती रही है। पिछली बार नवंबर महीने में ही गया सेंट्रल जेल के वार्ड से मोबाइल फ़ोन से बात करते हुए बंदियों का वीडियो वायरल हुआ था। इस वायरल वीडियो को लेकर रामपुर थाने में एसएसपी आशीष भारती के निर्देश पर जेल प्रशासन ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी। वहीं, गया सेंट्रल जेल के अधीक्षक और उपाधीक्षक को नसीहत भी दी गई थी, लेकिन इसका प्रभाव नहीं पड़ता दिख रहा। क्योंकि एक बार फ़िर से अब बंदियों का सेल्फी वाला फोटो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। सोर्स के अनुसार जेल के अंदर मोबाइल से यह सेल्फी बंदियों के द्वारा ली गई है।क्या है मोबाइल का हथकंडागया सेंट्रल जेल में मोबाइल का बड़ा हथकंडा है।यहां से बड़े–बड़े लोगों को धमकियां दी जाती रही है।चाहे अधिकारी हो नेता या फिर व्यवसाई, जेल के अंदर से फोन कर इन्हें धमकी देने का सिलसिला चलता रहा है। इस तरह सिलसिले को कहीं न कहीं पनपाया जा रहा है।क्योंकि बंदियों के पास मोबाइल फोन होने की लगातार कई तरह के तथ्य सामने आ रहे हैं। हाल में जिस तरह से जेल के अंदर बंदियों के मोबाइल से बात करने का वीडियो वायरल हुआ, उसके बाद रामपुर थाने में केस दर्ज जरूर हुआ, लेकिन कोई प्रोग्रेस अनुसंधान में नहीं दिखा। नतीजतन सेंट्रल जेल के अंदर से बंदियों के मोबाइल का उपयोग करने का सिलसिला सुचारू रूपसे जारी है, जो कि कभी भी ख़तरनाक साबित हो सकता है। क्योंकि यहां एक से बढ़कर एक कुख्यात अपराधी और हार्डकोर नक्सली बंद है।ऐसे में जेल की सुरक्षा को लेकर भी निष्क्रियता दिखाई जा रही है।जेल प्रशासन को सख्त निर्देश, फिर भी बेपरवाह बता दे कि हाल में जेल से बंदियों का मोबाइल से बात करते वीडियो वायरल होने के बाद एसएसपी आशीष भारती ने इसे काफ़ी गंभीरता से लिया था।इस मामले की जांच करने के लिए सिटी एसपी को सेंट्रल जेल भेजा गया था। सेंट्रल जेल में जांच के बाद सिटी एसपी प्रेरणा कुमार के निर्देश पर रामपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज हुई थी।जेल प्रशासन के द्वारा प्राथमिकी दर्ज हुई थी। रामपुर थाने में आईटी एक्ट 52 व 66 के तहत दर्ज प्राथमिकी 617/24 कांड संख्या के बावजूद जेल प्रशासन की लचरता का हीं नतीजा है, कि जेल से मोबाइल से बात करने, और मोबाइल से सेल्फी खींचने जैसे संगीन अपराध हो रहे हैं, जिससे जेल की सुरक्षा को भी खतरा है। इस तरह से जेल प्रशासन पर पुलिस के वरीय अधिकारियों द्वारा दी गई नसीहत का भी कोई प्रभाव देखने को नहीं मिल रहा है। गौरतलब हो कि गया सेंट्रल जेल से कुख्यात अपराधी अंकुर चौबे ने मुजफ्फरपुर के व्यवसाई से रंगदारी की मांग की थी, नहीं देने पर जान मारने को धमकाया था। इस तरह की घटना के बाद भी जेल प्रशासन नहीं चेता।इससे पहले टिकारी के एसडीएम को भी धमकी दी गई थी। वहीं इस तरह के कई मामले हैं, जो स्पष्ट करते हैं, कि गया सेंट्रल जेल से मोबाइल से धमकी देने की घटना होती रही है, जो बदस्तूर जारी है। बता दें कि जेल सुपरिंटेंडेंट के बाद जेल के कर्ताधर्ता जेलर की होती है। वर्तमान जेलर राजेश कुमार सिंह की कार्यशैली को लेकर ज़िला प्रशासन ने उनके स्थानांतरण के लिए मुख्यालय को पहले हीं अनुशंसा कर चुकी है। इस पत्र में चर्चा की गई है कि जुलाई 24 में सेंट्रल जेल में जेलर राजेश कुमार सिंह ने योगदान दिया था उसके बाद से हीं उनकी कार्यशैली संदिग्ध है। इनका स्थानांतरण किया जाए।इस मामले की गंभीरता से होगी जांच, वही इस मामले को लेकर मगध प्रक्षेत्र के आईजी क्षत्रनील सिंह का कहना है, कि पूर्व में भी इस तरह की शिकायत आ चुकी है। इस बार भी इस तरह का मामला सामने आया है, तो इसकी गंभीरता से जांच की जाएगी। पहले भी वरीय अधिकारियों द्वारा जेल प्रशासन को चेताया गया है।पूरे मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# समस्तीपुर : जागो ग्राहक जागो उपभोक्ता जागरूकता अभियान



लोकतंत्र की आबाज

**समस्तीपुर।** गोखुल कर्पूरी फुलेश्वरी डिग्री महाविद्यालय कर्पूरीग्राम के राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई ने प्रधानाचार्य प्रो विद्यासागर ठाकुर के संरक्षण और कार्यकम पदाधिकारी प्रो सुमाष चन्द्र राय के नेतृत्व में गोद लिए गाँव कर्पूरीग्राम के वार्ड संख्या 06 के रविदास टोले में उपभोक्ता जागरूकता अभियान स्वयं सेवकों के सहयोग से चलाया गया। प्रो सुमाष चन्द्र राय ने उपस्थित ग्रामीणों का स्वागत एवं अभिनन्दन करते हुए कहा कि जागो ग्राहक जागो सिर्फ एक अभियान नहीं बल्कि यह हर नागरिक को सतर्क, सूचित और जिम्मेदार बनने के लिए आ?ह्वान किया है। जागो ग्राहक जागो भारत सरकार का शुरू किया गया उपभोक्ता जागरूकता अभियान है। जिसका उद्देश्य उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों, जिम्मेदारियों व सुरक्षा उपायों के बारे में शिक्षित व सशक्त बनाना है। यह उपभोक्ताओं को निष्पक्ष व न्यायपूर्ण बाजार को आकार देने में सक्रिय भागीदारी बनने का अधिकार देता है जिससे सभी के लिए बेहतर कल का निर्माण होता है। प्रधानाचार्य प्रो विद्यासागर ठाकुर ने ग्रामीणों को उपभोक्ता अधिकार के अंतर्गत राइट टू सेफ्टी, राईट टू इंफोर्मेशन, राईट टू यूज, राईट टू हर्ड ग्राहक के लिए राईट टू रिडेशल, राईट टू कंज्यूमर, राईटस एजुकेशन की बात रखी। डॉ प्रो प्रेम कुमारी ने ऑनलाईन शिकायत ई दाखिल पोर्टल पर शिकायत उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 की जानकारी दी। साथ में उन्होंने महिलाओं से मिलकर सिकी कला, सिलाई एवं मिथिला पेन्टिंग के प्रशिक्षण के बारे में भी जाकारी दी। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने भाषण निबंध, स्लोगन आदि के माध्यम से जागरूकता संदेश देने का काम किया।

# नल में एक बूंद तक पानी नहीं, बंद मिला नल जल ,अबतक नही हुआ चालू

लोकतंत्र की आवाज

**दीपक कुमार**

**गायघाट ।** पटना में दर्ज शिकायत के आलोक में अधिकारियों के निर्देश पर नल जल योजना में अनियमितताओं की जांच की गई। जांच में कई पंचायतों में ग्रामीणों को ठंड के मौसम में पानी नहीं मिल रहा है। अधिकारियों को रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया...प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों ने जिला के विभिन्न प्रखंडों के पंचायतों में नल जल योजना की जांच की। सभी जांच पदाधिकारियों को जांच के लिये सम्बद्ध पंचायतों में पीएचईडी द्वारा क्रियान्वित की जा रही नल जल योजनाओं की अद्यतन क्रियाशीलता की स्थिति व गुणवत्ता की तहकीकात का टास्क दिया था।सभी जांच पदाधिकारियों को अपना जांच रिपोर्ट जिलाधिकारी समर्पित करने का निर्देश दिया गया है। जांच रिपोर्ट में उल्लेखित कमियों को सूचीबद्ध करइसके सुधार के लिये अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी। बताया जाता है कि जिले में संचालित नल जल योजना में व्यापक पैमाने पर अनियमितता बरते जाने की शिकायत जिलाधिकारी को लंबे समय से मिल रही थी। इसके बाद जिला पदाधिकारी ने संबंधित पंचायत में जांच करने की कार्य योजना बनाई। बताया जाता है कि जिले में नल जल योजना पर पानी की तरह पैसा बहाया गया है पर ठंड के मौसम में योजना से कई पंचायतों में ग्रामीणों को पानी नहीं मिल रहा है। जांच में नल जल योजना की स्थिति दयनीय पायी गयी। जांच में पाया गया कि नल से ग्रामीणों को जल नहीं मिल रहा है। ग्रामीणों ने योजना को दिखाते हुए कहा कि पैसे की लूट की गई है। कई जगहों पर पानी का लिकेज दिखाते हुए कहा कि घरों में एक बूंद पानी नहीं पहुंचता है। शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जांच में पाया गया कि नल जल चालू ही नहीं है।

# पोस्टमास्टर जनरल बिहार सर्किल के द्वारा पार्सल हब के नए भवन का उ?द्घाटन एवं प्रमंडलीय कार्यालय में नेशनल फ्लैग जोन का उद्घाटन

लोकतंत्र की आवाज़



**गया।** चीफ पोस्टमास्टर जनरल के द्वारा गया डाक प्रमंडल में पार्सल हब के नए भवन का उ?द्घाटन तथा प्रमंडलीय कार्यालय में नेशनल फ्लैग जोन का भी उद्घाटन किया गया अनिल कुमार, चीफ पोस्टमास्टर जनरल बिहार सर्किल गया डाक प्रमंडल के वार्षिक निरिक्षण के दौरे पर गया में आये। इस दरम्यान उन्होंने महरूफगंज में पार्सल हब के नए भवन का शुभारम्भ किया गया है। उन्होंने बताया कि इस पार्सल हब से गया डाक प्रमंडल के लोगों को पार्सल पहुंचाने एवं बाहर से आये पार्सल ससमय प्राप्त करने में काफी सुविधा होगी।गया डाक प्रमंडल अंतर्गत गया जिला के स्वराजपुरी रोड स्थित डाक विभाग के सरकारी भवन में पार्सल को संबंधित सभी ग्राहकों को ससमय पहुंचाने हेतु पार्सल हब के नए भवन का उ?द्घाटन अनिल कुमार,, चीफ पोस्टमास्टर जनरल, बिहार सर्किल, पटना के द्वारा किया गया है। उन्होंने बताया कि पार्सल हब बनाने से गया जिला के लोगों को ससमय पार्सल पहुंचाने एवं बाहर से आये पार्सल ससमय प्राप्त करने में काफी सुविधा होगी। इसके लिए अलग से डाकियों एवं मॉनिटरिंग हेतु अन्य कर्मचारियों व पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति किया गया है। पूर्व की अपेक्षा पार्सल भेजने की प्रक्रिया को आसान बनाया जायेगा। इस उदघाटन समारोह में रास बिहारी राम, प्रवर डाक अधीक्षक, गया प्रमंडल गया, सहायक डाक अधीक्षक नीरज कुमार चौधरी एवं संभु कुमार सिंह एवं गया डाक प्रमंडल डाक निरीक्षकों में रंजीत कुमार, गौरव रंजन, उमंग जैन एवं धनंजय कुमार की उपस्थिथि रही है ।

# महान निर्देशक लेखक एवं निर्माता रामानंद सागर का पुष्पांजलि अर्पित कर पुण्यतिथि मनाया गया है

लोकतंत्र की आवाज़



**गया।**राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनीष पंकज मिश्रा के द्वारा भारतीय सिनेमा और टेलीविजन की दुनिया के एक महान निर्देशक, लेखक और निर्माता रामानंद सागर जी का पुण्यतिथि पर नमन करते हुए कहा है भारतीय संस्कृति और धर्म को अपनी कृतियों के माध्यम से जीवंत किया है। उनका जन्म 29 दिसंबर 1917 को लाहौर अब पाकिस्तान में में एक संपन्न परिवार में हुआ है। उनका मूल नाम चंद्रमौली चोपड़ा था, लेकिन बाद में वे रामानंद सागर के नाम से प्रसिद्ध हुए हैं। रामानंद सागर जी को विशेष रूप से 'रामायण' के निर्माण के लिए जाना जाता है, जो भारतीय टेलीविजन का एक ऐतिहासिक शो बन गया है। 1987 में प्रसारित इस धारावाहिक ने भारतीय जनमानस में एक नई आध्यात्मिक चेतना उत्पन्न की। यह शो न केवल भारत में, बल्कि विदेशों में भी अत्यधिक लोकप्रिय हुआ और इसे रामायण की कहानियों को घर–घर तक पहुंचाने का श्रेय दिया जाता है। उनके निर्देशन में भारतीय मूल्यों, परंपराओं और धार्मिक महाकाव्यों को बहुत सरल और सजीव रूप में प्रस्तुत किया गया।रामानंद सागर जी ने अपने करियर की शुरुआत एक लेखक के रूप में की थी और उन्हें 1942 में साहित्य के लिए गोल्ड मेडल भी मिला है। उन्होंने कई हिंदी फिल्मों की पटकथा भी लिखी, जैसे आंखें, अरमान, चरस आदि। उनके कार्यों में मानवीय भावनाओं और समाज की सच्चाई को गहराई से दर्शाया गया है।राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में उनका योगदान और उनकी कला ने मानवता के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनने का कार्य किया है। 2005 में उनका निधन हो गया, लेकिन उनकी कृतियां आज भी जीवित हैं आज उनके पुण्यतिथि पर नमन करते हैं।

# विधायक ने किया सात करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास दो सड़क और एक पुल का रखा आधार शिला

लोकतंत्र की आवाज



**दीपक कुमार**

**गायघाट ।** विधायक निरंजन राय ने सात करोड़ की लागत से बंदरा प्रखंड के मुन्नी घाट पुल के निर्माण, सवा दो करोड़ की लागत से लोहरखा चौक से हत्था जाने वाली सड़क एवं डेढ करोड़ की लागत से सकड़ी से चांदपुरा खनुआ जाने वाली सड़क के मरम्मती कार्य का शिलान्यास किया । इस अवसर पर मुन्नी घाट पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए निरंजन राय ने कहा कि पुसा एवं एन एच सनतावन को जोड़ने वाली सड़क के मध्य मे मुन्नी घाट पुल बहुत दिनों से जर्जर था । जिसके कारण बंदरा, गायघाट एवं समस्तीपुर जिला के कल्याणपुर प्रखंड के लोगों को काफी कठिनाई की सामना करना पड़ रहा था । गायघाट विधानसभा के महमदपुर सुरा पुल एवं मुन्नी घाट पुल बन जाने से लोगों की चिरप्रतिक्षित मांग पुरी हो गई है । मै नेता नही आपके बेटा , भतिजा बनकर सेवा कर रहा हूं । मेरा लक्ष्य गायघाट विधानसभा क्षेत्र को मॉडल विधानसभा क्षेत्र बनाना है । कार्यक्रम की अध्यक्षता राजद के प्रखंड अध्यक्ष रविन्द्र सहनी एवं संचालन जिला महासचिव विनय कुमार यादव ने किया। इस अवसर पर मुन्नी निवासी बबलू यादव ने शौल ओढ़ाकर विधायक का स्वागत किया । इस समारोह मे शामिल होने वाले मुख्य रुप से बंदरा प्रखंड के उपप्रमुख उमेश राय , ठगन राय, पंचायती राज प्रकोष्ठ के जिला महासचिव मो० सज्जाद , जिला उपाध्यक्ष चंदेश्वर कुशवाहा , जिला महासचिव योगेन्द्र सहनी , जिला प्रवक्ता अरविंद राय , अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष गाजी शहनवाज , किसान सेल के अध्यक्ष महेश राय, चंदेश्वर राय , रामेश्वर कुशवाहा , उमेश कुशवाहा , मुकेश कुशवाहा, मनोज राय सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

# गायघाट में अवैध कट को लेकर हुआ था ववाल जांच टीम के पहुंचते हटा बैरियर, लौटते ही वसूली शुरू

लोकतंत्र की आवाज



**दीपक कुमार**

**गायघाट।** मुजफ्फरपुर–दरभंगा फोरलेन स्थित मैठी टोल प्लाजा की जगह बायपास रोड में अवैध टोल टैक्स की वसूली की प्रशासनिक जांच शुरू हो गई है। कार्यपालक दंडाधिकारी अजय कुमार व अपर जिला परिवहन पदाधिकारी राजू कुमार ने मैठी टोल प्लाजा व बायपास रोड में पहुंच कर स्थल पर जांच की और ग्रामीणों का बयान दर्ज किया। इस दौरान मामले को उठाने वाले छात्र नेता चंदन यादव ने ग्रामीण सड़क पर टोल वसूली को अवैध ठहराया। जांच टीम को बताया कि टोल प्लाजा के प्रबंधक बिना किसी लिखित अनुमति के नियम विरुद्ध ग्रामीण सड़क को अवरोध कर स्थानीय थाने के सहयोग से न केवल कॉमर्शियल वाहन से बल्कि प्राइवेट वाहन से भी जबरन टोल वसूल रहे हैं। स्थानीय लोगों द्वारा विरोध जताने पर रंगदारी का केस दर्ज करवा देते हैं। दूसरी ओर, टोल प्रबंधक द्वारा बताया गया कि टोल प्लाजा के 10 किलो मीटर में रेवन्यू को कोई नुकसान पहुंचता है तो वसूली की जा सकती है। इसको लेकर उनको प्रावधान के मुताबिक अनुमति मिली हुई है। इधर, जांच कमेटी में शामिल कार्यपालक दंडाधिकारी अजय कुमार ने कहा कि जांच शुरू कर दी गई है। दोनों पक्षों को शुक्रवार को कागजात के साथ बुलाया गया है। जांच पूरी होने के बाद एसडीओ पूर्वी को संयुक्त जांच रिपोर्ट सौंपी जाएगी। जांच कमेटी ने सभी तीनों कट मैठी कट, बबुर्बन्नी कट तथा हनुमान कट का निरीक्षण किया। तीनों कट पर बैरिकेडिंग पाई गई। इस दौरान जांच अधिकारी के सामने ग्रामीणों ने कहा कि सर, जब 10 किमी में कट प्वाइंट रोकना है तो आज आपके आने पर बेरोकटोक गाड़ी की आवाजाही कैसे हो रही है?

# घोठवा टोला गांव में टीकाकरण कार्यक्रम का औचक निरीक्षण गर्भवती महिला, को इसका लाभ दिया जाना है

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

शुक्रवार को जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. अवधेश कुमार सिंह ने घोठवा टोला गांव में टीकाकरण कार्यक्रम का औचक निरीक्षण किया। जांच के क्रम में सही तरीके से माइक्रो प्लान के अनुसार चल रहे टीकाकरण कार्यक्रम की पदाधिकारी ने सराहना की। साथ ड्यू लिस्ट, टैली सीट सत्र हेल?थ एण्ड वेलनेश सेंटर पर उपलब्ध दवाई का जांच किया गया। बताया गया के सत्र स्थल पर सभी धातृ महिला, गर्भवती महिला, किशोरी तथा बच्चे को इसका लाभ दिया जाना है। इससे पहले ड्यू लिस्ट में पंजीकृत करते हुए लाभ देना सुनिश्चित करेंगे। पदाधिकारी द्वारा गृह भ्रमण कर भी टीकाकरण का जायजा लिया गया। ग्रामीणो को मिली स्वास्थ्य जांच और परामर्शः इस बाबत प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर राजेश सिंह नीरज ने बताया कि हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में घोठवा टोला गांव के लोगों के लिए बड़ी राहत प्रदान की है। स्थानीय समुदाय के लोगों को विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने का अवसर मिल रहा है। कार्यक्रम की निगरानी जिला स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा की जा रही है। जिससे इसकी सफलता और कुशलता सुनिश्चित हो सके। हमारा प्रयास ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों तक स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ और प्रभावी रूप से पहुंचाना है। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में टीकाकरण के साथ–साथ, लोगों की विभिन्न बीमारियों की जांच की जा रही है। जांच के दौरान विशेष रूप से वृद्ध व्यक्तियों, महिलाओं और बच्चों पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है, ताकि उन्हें आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं समय पर मिल सकें। टीकाकरण अभियान के तहत, विभिन्न आयु वर्गों के लोगों को आवश्यक टीके लगाए जा रहे हैं, जिनमें बच्चों के लिए नियमित टीकाकरण के साथ–साथ वयस्कों के लिए स्वास्थ्य जांच भी शामिल है। मौके पर अरविंद कुमार, कुमार विशाल, लोकेन्द्र कुमार,बीसीएम अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### पशु स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन, 188 किसानों के पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण



लोक तंत्र की आवाज

अररिया। गैयारी पंचायत के वार्ड 15 में एकदिवसीय पशु स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन डीपीएम नवीन कुमार, पशु चिकित्सक, बीपीएम और अध्यक्ष दीदी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य किसानों को उनके पशुओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। जीविका के माध्यम से आयोजित इस शिविर में किसानों को मुफ्त पशु स्वास्थ्य जांच और दवाइयां दी गईं। शिविर में कुल 188 किसानों ने भाग लिया, जिनमें से 161 गाय/भैंस और 35 बकरियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। पशु चिकित्सकों ने पशुओं को आवश्यक चिकित्सा परामर्श और दवाइयां प्रदान कीं। इस शिविर को किसानों ने अत्यधिक सराहा और ऐसे आयोजनों की आवश्यकता पर जोर दिया। शिविर के सफल आयोजन में जीविका टीम और पंचायत के अन्य सदस्य ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### तीन बदमाशों ने हथियार का भय दिखाते बाइक छिनतई कर भागने में सफल

लोकतंत्र की आवाज

पतरघट सहरसा संवाददाता। पतरघट थाना क्षेत्र में लगातार लूटपाट जैसी घटना से आम लोगों में दहशत व्याप्त हो रहा है ताजा मामला कहरा धबौली मार्ग में बुधवार की शाम पामा निवासी अरूण सादा का बाइक सवार तीन बदमाशों ने हथियार का भय दिखाते बाइक छिनतई कर भागने में सफल रहा। घटना की जानकारी उन्होंने पतरघट पुलिस को दिया। पुलिस त्वरित कार्रवाई करते घटना स्थल पर पहुंच कर सारी जानकारी ली। पामा सहगोरा वार्ड नंबर 3 निवासी अरूण सादा पिता विरेन्द्र सादा ने घटना की बावत बताया कि वे बुधवार को अपने ससुराल मधेपुरा जिला के मठाई से अपने बाइक से घर लौट रहा था। शाम लगभग 6 बजे कहरा मोड़ से धबौली तरफ जाने वाली सड़क में कहरा स्कूल से आगे पीपर गाछ के समीप एक बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने हथियार का भय दिखाते बाइक छिनतई कर नहरी होते उत्तर दिशा में मदनपुर की तरफ भाग खड़ा हुआ। वहीं पीड़ित ने गुरुवार को थाना पहुँच कर बाइक छिनतई की घटना में कतिपय कारणों से थाना अध्यक्ष को दिये आवेदन में बाइक चोरी होने की बात कही है। दिये आवेदन में पीड़ित अरूण सादा ने कहा है कि वे अपना ससुराल मधेपुरा के मठाई से अपना बाइक हीरो स्पलेंडर बीआर 43 एइ 2971 घर लौट रहा था। कहरा धबौली मार्ग में कहरा स्कूल से पूरब मुख्य मार्ग स्थित पीपर गाछ के समीप शाम 6 बजे बाइक लगाकर शौच करने खेत में चला गया। कहरा की तरफ से एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन की संख्या में अज्ञात व्यक्ति उनका बाइक चालू कर लेकर भागने लगा। उनके द्वारा हल्ला करने पर बाइक लेकर मदनपुर की ओर भाग खड़ा हुआ। इस बावत थाना अध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि बाइक चोरी की प्राप्त आवेदन पर रिपोर्ट दर्ज कर बरामदगी के लिए कार्रवाई जारी रहने की बात कही है।

### मुन्ना सिंह को जन स्वराज पार्टी का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत

लोकतंत्र की आवाज

पतरघट सहरसा संवाददाता। प्रखंड क्षेत्र के जम्हरा पंचायत के चिनाही निवासी सत्यजीत कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह को जन स्वराज पार्टी का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किये जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने हर्ष जाहिर किया है। जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार यादव ने दलहित में सफलता पूर्वक दायित्व का निर्वहन के लिए पत्र जारी कर सत्यजीत कुमार सिंह को जिला उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है। जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि जिला परिषद कार्यलय सहरसा में जन सुराज परिवार का एक महत्वपूर्ण बैठक किया गया था जिस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप वं प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती ने सिरकत किया बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन समिति को मजबूत करना आगामी योजना पर चर्चा भी किया गया।

### बुधवार को जिला पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में वाहन जांच में वसूला गया 1 लाख 98 हजार का जुर्माना

लोकतंत्र की आवाज

सहरसा संवाददाता। 11 दिसंबर को जिला पुलिस के विभिन्न थाना अध्यक्षों, ओपी अध्यक्षों और पुलिस शिविर प्रभारियों द्वारा की गई वाहन जांच में कुल 1 लाख 98 हजार रुपए का जुर्माना वसूला गया था। एसपी हिमांशु के निर्देश पर यातायात डीएसपी के नेतृत्व में विभिन्न थाना अध्यक्षों द्वारा वाहन जांच की कार्रवाई की गई थी। जिसमें बिना हेलमेट के सफर कर रहे सैकड़ो वाहन के चालकों को रोक कर जुर्माना वसूला गया था। साथ ही बुधवार को जिले के विभिन्न थाना अध्यक्षों द्वारा कुल 14 अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई थी। जिनमें से एक अभियुक्त को जेल भेज दिया गया था। जबकि 13 अभियुक्त को थाना पर रिकॉल कर मुक्त कर दिया गया था। इस दौरान स्थानीय व्यवहार न्यायालय से निर्गत कल 30 वारंट, 15 समन और 1 इश्तहार का भी सफल निष्पादन किया गया था। जबकि 6 लीटर देसी शराब भी बरामद की गई थी। एक शराब कारोबारी की भी गिरफ्तारी हुई थी। उक्त आशय की जानकारी जिला पुलिस की द्वारा जारी की गई थी।

# अररिया: बायोमेडिकल वेस्ट के कुशल प्रबंधन से स्वस्थ व स्वच्छ वातावरण का निर्माण संभव

लोक तंत्र की आवाज



**अररिया।** बायोमेडिकल वेस्ट, यानी चिकित्सकीय कचरा, स्वास्थ्य सेवाओं के दौरान उत्पन्न होने वाला ऐसा कचरा है जो मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकता है। इसका सही प्रबंधन न केवल स्वास्थ्य कर्मियों और मरीजों के लिए, बल्कि समाज और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए भी अत्यंत आवश्यक है।

इसी उद्देश्य से सदर अस्पताल में जीविका दीदियों को बायोमेडिकल वेस्ट के प्रबंधन के बारे में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सदर अस्पताल के प्रभारी अधीक्षक डॉ. आकाश कुमार राय, यूनिसेफ के एडीसी राकेश कुमार, सीनियर नर्स नाजिया परवीण, और मनीषा कुमारी ने जीविका दीदियों को बायोवेस्ट मैनेजमेंट के महत्व और उपयोगिता की जानकारी दी और इसके कुशल प्रबंधन के संबंध में जरूरी प्रशिक्षण प्रदान किया।

प्रभारी अस्पताल अधीक्षक डॉ. आकाश राज ने प्रशिक्षण में भाग लेने वालों को बायोमेडिकल वेस्ट के सही प्रबंधन की अहमियत से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं के दौरान उत्पन्न बायोमेडिकल

● सदर अस्पताल में जीविका दीदियों को प्रशिक्षण

वेस्ट को ठीक से अलग करना और पर्यावरणीय मानकों के अनुरूप सुरक्षित रूप से नष्ट करना जरूरी है। यदि इसका प्रबंधन सही तरीके से नहीं किया जाता तो संक्रमण का खतरा बढ़ सकता है, जो मरीजों के अलावा अस्पताल में काम कर रहे स्वास्थ्य कर्मियों और आने वाले अन्य लोगों की सेहत को भी प्रभावित कर सकता है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने जीविका दीदियों को बायोमेडिकल वेस्ट के चार प्रमुख श्रेणियों: जैविक, संक्रामक, रासायनिक और सामान्य कचरे में वर्गीकरण के बारे में बताया। साथ ही, उन्हें रेड, ब्लू, येलो और ब्लैक रंग के डस्टबिन के उपयोग के तरीके से अवगत कराया गया। कचरे के परिवहन और नष्ट करने की प्रक्रिया पर भी विस्तृत चर्चा की गई। स्वास्थ्य कर्मियों को व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई) के उपयोग, हाथ धोने की सही विधि और संक्रमण नियंत्रण के उपायों के संबंध में प्रशिक्षित किया गया।

सिविल सर्जन डॉ. केके कश्यप ने बताया कि बायोमेडिकल वेस्ट का कुशल प्रबंधन न केवल संक्रामक बीमारियों को फैलने से रोकता है, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को भी सुनिश्चित करता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रबंधन से समाज में स्वस्थ और स्वच्छ वातावरण का निर्माण संभव है। इसके साथ ही, जिले के सभी अस्पतालों में बायोमेडिकल वेस्ट के कुशल प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य सदर अस्पताल और अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में बायोमेडिकल वेस्ट के सही प्रबंधन को बढ़ावा देना और इसके कुशल प्रबंधन से जुड़े सभी पहलुओं को समझाना था।

# आलम नगर में 24×7 अस्पताल का उद्घाटन, ग्रामीणों को अब मिलेगी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं



लोक तंत्र की आवाज

**आलम नगर।** आलम नगर थाना क्षेत्र के खुरहान पंचायत भवन में 24×7 अस्पताल का उद्घाटन माननीय जिलाधिकारी तरणजोत सिंह जी के करकमलों द्वारा किया गया। जिलाधिकारी ने फीता काटकर अस्पताल का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर पंचायत के माननीय मुखिया मंजू देवी, उदाकिशुनगंज एसडीओ एस जेड हसन, आलमनगर बीडीओ निशांत कुमार, और आलमनगर सीओ दिव्या कुमारी समेत तमाम आला अधिकारी और सम्मानित ग्रामीण मौजूद रहे।

इस अस्पताल का उद्घाटन क्षेत्र के स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से किया गया है, जिससे स्थानीय लोगों को तत्काल चिकित्सा सहायता मिल सके। उद्घाटन समारोह में डॉ. संतोष कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी आलमनगर, प्रमोद कुमार बीसीएम, दिलीप कुमार, स्वास्थ्य कर्मी शंभू कुमार सिंह, प्रभात कुमार सिंह उर्फ गुड्डू बाबू, शिव शंकर सिंह, पूर्व मुखिया वीरेंद्र कुमार सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

कार्यक्रम के दौरान, पदस्थापित और कार्यरत चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रुपेश रंजन, डॉ. देवेश दीप, डॉ. कृष्ण कुमार और श्वेता कुमारी एएनएम ने आगंतुकों का स्वागत किया और अस्पताल के कार्यों के बारे में जानकारी दी। यह अस्पताल अब 24 घंटे स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेगा, जिससे क्षेत्र के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी। उद्घाटन समारोह के दौरान सभी ने इस कदम को सराहा और उम्मीद जताई कि इस अस्पताल से क्षेत्र की स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार होगा।

## अररिया में बिहार लोक सेवा आयोग की 70वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न

लोक तंत्र की आवाज

**अररिया।** बिहार लोक सेवा आयोग, पटना द्वारा आयोजित 70वीं संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा आज अररिया जिला मुख्यालय स्थित 16 केंद्रों और फारबिसगंज अनुमंडल मुख्यालय स्थित 05 केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और कदाचारमुक्त वातावरण में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। परीक्षा का आयोजन 12:00 बजे मध्याह्न से लेकर 02:00 बजे अपराह्न तक किया गया।इस परीक्षा में 4896 परीक्षार्थी उपस्थित हुए, जबकि 3036 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। अररिया जिले के लिए कुल 7932 परीक्षार्थी आवंटित किए गए थे।

परीक्षा के दौरान, जिला पदाधिकारी अनिल कुमार और पुलिस अधीक्षक अमित रंजन द्वारा नियमित रूप से परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। इसके अलावा, सभी केंद्राधीक्षक, स्टैटिक दंडाधिकारी, जोनल दंडाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी अररिया और फारबिसगंज, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, और जिला कोषागार पदाधिकारी सहित परीक्षा से जुड़े सभी अधिकारी सक्रिय रूप से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए परीक्षा के शांतिपूर्ण आयोजन को सुनिश्चित करते रहे। यह परीक्षा अररिया जिले में सफलतापूर्वक आयोजित की गई, जिसमें सुरक्षा व्यवस्था और कदाचारमुक्त वातावरण में परीक्षार्थियों ने अपनी परीक्षा दी।

# बिस्कोमान जिला डेलीगेट्स का निर्विरोध निर्वाचन

लोक तंत्र की आवाज

**अररिया।** बिहार राज्य सहकारी क्रय विक्रय संघ समिति (बिस्कोमान) के निर्वाचन के तहत शुक्रवार को अररिया में जिला स्तरीय प्रतिनिधियों के लिए विशेष आमसभा एवं सामान्य निकाय चुनाव का आयोजन हुआ, जिसमें बिस्कोमान के जिला डेलीगेट्स निर्विरोध विजयी हुए। जिला सहकारिता पदाधिकारी (डीसीओ) द्वारा इन्हें प्रमाण पत्र सौंपे गए।

ग्रुप ए व्यापार मंडल के तहत अररिया व्यापार मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार यादव और कुर्साकांटा व्यापार मंडल अध्यक्ष रामबेणी गुप्ता निर्विरोध जिला डेलीगेट्स बने। वहीं, जिला पैक्स डेलीगेट्स के रूप में अली रजा, जो अररिया प्रखंड के गैयारी पैक्स अध्यक्ष और पूर्णिया सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के अध्यक्ष भी हैं, निर्विरोध

डीसीओ ने विजेताओं को प्रमाण पत्र सौंपे



चयनित हुए। अली रजा को इस सफलता का श्रेय अपनी टीम को देते हुए उन्होंने कहा, ₹हम किसानों की बेहतरी के लिए पूरी निष्ठा से काम कर रहे हैं। हमारी कोशिश रहेगी कि अररिया, पूर्णिया और किशनगंज के किसानों को सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ मिल सके।

अली रजा ने अपनी जीत के बाद जिले के किसानों के सशक्तिकरण की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता जताई और कहा कि वह निरंतर मेहनत करेंगे ताकि किसानों की स्थिति और बेहतर हो सके। साथ ही उन्होंने अपने समर्थकों और कार्यकर्ताओं का धन्यवाद किया जिन्होंने चुनावी प्रक्रिया में उनका साथ दिया।

इस मौके पर जिला पैक्स संघ और अन्य सदस्यों ने भी नव निर्वाचित प्रतिनिधियों को बधाई दी। खिस्मत खवासपुर पैक्स अध्यक्ष संतोष कुमार झा, अरविंद कुमार, डायरेक्टर राजीव रंजन, मनीष यादव, पवन सिंह, मोहम्मद शमीम, मोहम्मद फारूक, उमेश सिंह, मनोज सिंह, मनोज मंडल, जीवछ मंडल, अजय कुमार झा, तरुण कुमार झा सहित कई अन्य नेताओं ने बधाई दी। जिलेभर में इस जीत के बाद खुशी का माहौल है, और सभी ने आगामी कार्यों में सफलता की कामना की। इस निर्विरोध निर्वाचन ने बिस्कोमान के सहकारी क्षेत्र में एक नया अध्याय जोड़ दिया है, जिससे किसानों और व्यापारियों को सशक्त बनाने के प्रयासों को और गति मिलेगी।

## डॉ ललित नारायण मिश्र बने आरएम कॉलेज प्रधानाचार्य, पूर्व प्रधानाचार्य ने सौंपा पदभार

लोकतंत्र की आवाज



**सहरसा संवाददाता।** भुपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय कुलपति प्रो डॉ विमलेंदु शेखर झा ने आरएम कॉलेज के प्रधानाचार्य के रूप में महाविद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक प्रो डॉ ललित नारायण मिश्र को जिम्मेदारी सौंपी है. इस बाबत भेजे पत्र के आलोक में निवर्तमान प्रधानाचार्य प्रो डॉ अमरनाथ चौधरी ने गुरुवार को कार्यालय वेश्म में अपना पदभार डॉ मिश्र को सौंपा. नव पदास्थापित प्रधानाचार्य महाविद्यालय के फाउंडर प्राध्यापक रहते महाविद्यालय को अग्रिम पंक्ति तक पहुंचाने में अपना अहम योगदान दिया है.

वे महाविद्यालय के वर्सर, आईक्यूएसी कॉर्डिनेटर, एन एस एस प्रोग्राम ऑफिसर पर रहते अहम भूमिका निभाई है. मालूम हो कि प्रोफेसर इंचार्ज प्रो डॉ अमरनाथ चौधरी ने स्वास्थ्य कारणों से अपने दायित्व से मुक्त करने का आग्रह विश्वविद्यालय कुलपति से किया था. उसके बाद वरीय शिक्षक एसोसिएट प्रोफेसर भौतिकी विभाग प्रो उमेश झा ने सेवानिवृति 31 दिसंबर को होने के निमित अल्प समय के लिए कोई प्रशासनिक जिम्मेवारी नहीं दिये जाने के आग्रह किया था. प्रावधान के अनुरूप प्रो अमरनाथ चौधरी एवं प्रो उमेश झा के बाद वरीयता सूची के वरिष्ठतम शिक्षक डॉ ललित नारायण मिश्र, एसोसिएट प्रोफेसर अर्थशास्त्र विभाग आरएम कॉलेज को तात्कालिक प्रभाव से प्रोफेसर इंचार्ज आरएम कॉलेज सहरसा के पद पर नियुक्त किया गया. साथ ही कुलपति ने प्रो डॉ अमरनाथ चौधरी को निदेशित किया कि वे प्रोफेसर इंचार्ज का प्रभार डॉ ललित नारायण मिश्र को प्रदान करें।

## अररिया: ई-रिक्शा शो रूम उद्घाटन में दिग्गजों का आज लगेगा जमावड़ा


लोक तंत्र की आवाज

**अररिया।** अररिया जिले में परिवहन क्षेत्र में एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। बस स्टैंड के निकट मोना होटल के पास ₹ए.आर. मोटर हब (ई-रिक्शा शोरूम)₹ का भव्य उद्घाटन 14 दिसंबर 2024 (शनिवार) को दोपहर 2 बजे होगा। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि होंगे माननीय विजय कुमार मंडल (विधायक, सिकटी) और संजीव मिश्रा (निदेशक, पैनोरमा ग्रुप सह वीआईपी नेता)।

इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में आफताब अजीम उर्फ पप्पू अजीम (अध्यक्ष, जिला परिषद) और सरफराज आलम (पूर्व सांसद, अररिया) भी शामिल होंगे।समारोह में आदित्य नारायण झा (जिला अध्यक्ष, भाजपा) और अशोक कुमार पाण्डेय (वरीय अधिवक्ता और

● विधायक विजय मंडल, वीआईपी नेता संजीव मिश्रा व जिप अध्यक्ष आफताब अजीम फीता काट कर करेंगे ऑपनिंग

प्रेसिडेंट, अररिया सिविल कोर्ट) विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।कार्यक्रम का आयोजन अजहरूल इस्लाम और ए.आर. मोटर हब टीम द्वारा किया जाएगा। अखिलेश झा (पत्रकार) और मनोज कुमार सिंह (पूर्व मुखिया) इस आयोजन में प्रमुख रूप से शामिल होंगे। आयोजक द्वारा समारोह में सभी को सादर आमंत्रित भी किया है।




## किराए पर मकान लेकर कर रहे शराब का अवैध कारोबारी को मद्द निषेध एवं उत्पाद विभाग ने पकड़ा, 127 लीटर विदेशी शराब जब्त

लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवाददाता।** गुरुवार को गुप्त सूचना के आधार पर मद्द निषेध एवं उत्पाद विभाग के अधिकारियों द्वारा सदर थाना क्षेत्र के मीर टोला, वार्ड नंबर - 7/38 में की गई छापेमारी में किराए पर मकान लेकर शराब का अवैध कारोबार कर रहे एक कारोबारी को गिरफ्तार किया। जिनके किराए के मकान से कुल 126.720 लीटर विदेशी शराब जब्त किया गया था। मद्द निषेध एवं उत्पाद निरीक्षक संजीत कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि मीर टोला, वार्ड नंबर - 7/38 में शराब का कारोबार हो रहा है। जिसके बाद छापामारी की गई थी।



छापामारी में मीर टोला के ही वार्ड नंबर -7/38 निवासी स्व सुरेश लाल के पुत्र सत्यम कुमार उर्फ राजा की गिरफ्तारी हुई थी। जिनमें निशानदेही पर उनके किराए के मकान जो उक्त मोहल्ले में ही संचालित थी। उक्त मकान से कुल 126.720 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया था। जिसमें 750 एमएल के 36 बोतल कुल 27 लीटर और 180 एमएल के 554 बोतल कुल 99.72 लीटर शराब बरामद हुआ था। इस प्रकार कुल 126.720 लीटर विदेशी शराब जब्त किया गया था। छापामारी टीम में उनके अतिरिक्त सहायक अवर निरीक्षक मद्द निषेध एवं उत्पाद अविनाश कुमार, सिपाही दिलीप कुमार के साथ अन्य उत्पाद कर्मी शामिल थे।

## मेंटर्स एडुसर्व टैलेंट रिवार्ड एग्जाम मीटर के द्वारा सम्मानित हुई प्रतिभा

लोकतंत्र की आवाज



**सहरसा संवाददाता।** ईस्टर्न इंडिया के सर्वोत्तम कोचिंग संस्थान मेंटर्स एडुसर्व द्वारा सूबे के विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए मेंटर्स एडुसर्व टैलेंट रिवार्ड एग्जाम (मीटर) आयोजित किया गया था।मीटर परीक्षा में शामिल हुये जिले के कक्षा 5वीं से 11वीं तक के विद्यार्थियों के परिणाम की घोषणा मेंटर्स एडुसर्व द्वारा आयोजित मीटर सेमिनार में किया गया। सेमिनार में मेंटर्स एडुसर्व के निदेशक आनंद कुमार जायसवाल ने इंजीनियरिंग एवं मेडिकल परीक्षाओं की तैयारी करने के सही तरीके से संबंधित मेंटर्स फर्मूले को उपस्थित विद्यार्थियों एवं अभिभावको को औबताया।

उन्होंने यह भी बताया कि सहरसा सेंटर में कक्षा 6वीं से 12वीं एवं 12वीं पास विद्यार्थियों के लिए जेईई, नीट या फाउण्डेशन कोर्स के लिए नामांकन प्रक्रिया जारी है। मेंटर्स एडुसर्व विन्टर हेड - डॉ मुकेश कुमार सिंह नें बताया कि मीटर परीक्षा में शामिल हुये विद्यार्थियों को अपने राज्य भर के मेधावी विद्यार्थियों के साथ प्रतियोगिता का अवसर मिला। मीटर से चयनित प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को संस्थान की ओर से लगभग 28 करोड़ तक की छात्रवृति एवं प्रोत्साहन पुरस्कार दिये जाएंगे, जिसमें 16 करोड़ तक की छात्रवृति, 4.5 करोड़ तक का प्रोत्साहन नकद पुरस्कार एवं छात्र-छात्राओं के आवासीय व्यवस्था पर 7.5 करोड तक की छात्रवृति दिये जाएँगे। संस्थान द्वारा दिए जाने वाले प्रोत्साहन पुरस्कार एवं छात्रवृति की सुविधा में कुल 1600 विद्यार्थियों का चयन किया जाएगाए जिसमें कक्षा 5वीं के 200, कक्षा 6वीं के 200, कक्षा 7वीं के 200, कक्षा 8वीं के 200, कक्षा 9वीं के 200, कक्षा 10वीं के 500 एवं कक्षा 11 वीं के 100 विद्यार्थी होंगे। इसके आलावा भी काफी सारे प्रतिभावान विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई है।

श्री जायसवाल का कहना है कि मेंटर्स एडुसर्व टैलेंट रिवार्ड एग्जाम मीटर से चयनित विद्यार्थियों को इंजीनियरिंग एवं मेडिकल की तैयारी मेंटर्स एडुसर्व संस्थान की ओर से राष्ट्रीय स्तर के अनुभवी शिक्षकों की टीम कराएगी। श्री सिंह नें कहा बच्चे अगर अच्छी सफलता पाना चाहते हैं तो उसके लिए कठिन एवं कठोर परिश्रम आवश्यक है। वहीं पढ़ाई के साथ-साथ बार-बार प्रैक्टिस भी आवश्यक है। पढ़ाई की तकनीकी एवं सही तरीका केवल मार्क्स के लिए पढ़ाई नहीं करनी है अपितु सब्जेक्ट का नॉलेज हासिल करना है। उन्होंने कहा कि मेंटल का उद्देश्य है बच्चे अच्छा रिजल्ट लायें।

उन्होंने कहा कि अब बच्चों को कोटा जाने की जरूरत नहीं है अब सहरसा में ही रहकर मेंटर्स के द्वारा अच्छी तैयारी की जा सकती है। उन्होंने कहा कि 13 साल से मेंटर्स अच्छे रिजल्ट देने में कामयाब रहा है जिसके कारण आज गरीब घर के कई लड़के विदेशों में नौकरी कर अपनी सपनों को हकीकत में जी रहे है। इस अवसर पर राहुल राजा, कोऑर्डिनेटर विशाल सिंह सहित बड़ी संख्या मे छात्र छात्राएं एवं अभिभावक मौजूद रहें।

## संक्षिप्त खबरें ।

### गुमला बस स्टैंड स्थित होटलों में छापामारी अभियान में सेवन इलेवन होटल से 12.420 लीटर अवैध शराब बरामद



लोकतंत्र की आवाज़
निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड

गुमला(झारखंड)। गुमला थाना पुलिस द्वारा गुमला के ललित नारायण बस स्टैंड पर गुमला एसपी शंभू कुमार सिंह के दिशानिर्देश पर नशापान को लेकर सक्रिय होकर छापामारी अभियान शुरू करने के आलोक में विभिन्न होटलों में औचक निरीक्षण किया गया जिसमें सेवन इलेवन होटल में अवैध तरीके से विदेशी शराब एक ड्रम में पाया गया जो विभिन्न ब्रांड के छोटे–बड़े पैक थे जब्त किया गया जो 12 लीटर 420 ग्राम है इस संबंध में सहायक अवर निरीक्षक सबन कुमार ने अवैध तरीके से होटल में शराब बिक्री करने वाले होटल संचालक विकास कुमार पर अपराधिक मामले दर्ज राते हुए होटल संचालक के उपर कानूनी कार्रवाई करने की बात कही है। अवैध तरीके से विदेशी शराब बिक्री करने वाले संचालक को लेकर मामला दर्ज कर लिया गया है जिसकी तहकीकात कर कानूनी कार्रवाई जारी है।

### गुमला के टोटो में मशाला कारोबारी के आवास पर नकाबपोश हथियार बंद लूटेरों ने नगदी एवं जेवरात लूटे



लोकतंत्र की आवाज़
निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड

गुमला(झारखंड)। गुमला से करीब दस किलोमीटर दूर ग्राम टोटो में मशाला कारोबारी ओम प्रकाश गुप्ता के आवास पर संध्या बेला में करीब चार की संख्या में नकाबपोश हथियार बंद लूटेरों ने लूट की घटना को अंजाम दिया एवं डकैती के क्रम में हथियार बंद लूटेरों ने आवास में महिलाओं के साथ मारपीट करते हुए उन्हें भयभीत कर गोदरेज में रखें नगदी करीब 6 लाख रुपए एवं लाखों रुपए के जेवरात लेकर आवास से फरार हो गए। यहां बताते चलें कि जब हथियार बंद लूटेरों ने घटना को अंजाम दिया था उस समय आवास पर सिर्फ महिलाएं एवं बच्चे थे जब गृह स्वामी मशाला कारोबारी ओम प्रकाश गुप्ता अपनी दूकान पर थे यह घटनाक्रम टोटो आंजनधाम रोड़ पर स्थित दुर्गा मंदिर के पास की आवासीय परिसर में हुई है। इस लूटकांड को लेकर लोगों में काफी नाराजगी है वहीं घटना की सूचना पर पुलिस टीम एवं एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने घटनास्थल पर बारीकी से निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशानिर्देश जारी कर घटना को अंजाम देने वाले की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया गया है। यहां बताते चलें कि गुमला में इन दिनों चोरी एवं लूट–पाट की घटनाओं में वृद्धि होती नजर आ रही है टोटो में मशाला कारोबारी के यहां गुरुवार की शाम वक्त यह लूटकांड को लेकर लोगों में अपनी सुरक्षा को लेकर भयभीत हो गए हैं।

### जल जमाव के शिकायत पर स्पेशल डिवीजन तथा कन्या अभियंता की एक टीम ने पक्की नला का निर्माण की बात कही बरकत खान



लोकतंत्र की आवाज
मामलोत सेख

बरहरवा। कांग्रेस जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान एवं बरहरवा नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी दीपक कुमार द्वारा कल प्रोफेसर कॉलोनी में जल जमाऊसे त्रस्त लोगों के शिकायत पर वार्ड 02 का भौतिक निरीक्षण करने के बाद आज स्पेशल डिवीजन तथा बरहरवा नगर पंचायत के कनीय अभियंता की एक टीम ने संयुक्त रूप से जल निकासी हेतु पक्की नाली का निमार्ण हेतु वार्ड संख्या 02 में रिंकू अंसारी के घर से होते हुए भाया मस्तान के घर होते हुए भाया बी एन साहा के घर होते हुए सीधा राजमहल रोड के मुख्य नाले तक एवं वार्ड संख्या 03 के हरिजनपाड़ा में इंफोर्मेटिक के पास वाले नाले से होते हुए भाया पंचू रविदास के घर होते हुए भाया भीम राव अम्बेडकर स्कूल होते हुए राजमहल रोड के मुख्य नाले तक वाटर लेवल पाइप द्वारा पूरे एरिया को चिन्हित किया तथा उसी के आधार पर प्राक्कलन तैयार किया जाएगा । मौके पर प्रखण्ड महासचिव निताय सरकार, कनीय अभियंता पंचानन्द, मोहित कुमार, महेश उरांव, रवि उरांव, अंकित कुमार, अमीन सेख सहित अन्य मौजूद थे।

# माओवादियों को महिला दस्ता देने वाले गांव में पैदल पहुंचे मंत्री राधाकृष्ण किशोर, खुलेगा वर्षो से है बंद स्कूल

लोकतंत्र की आवाज़



- मंत्री राधाकृष्ण किशोर पलामू के पाल्हे तुरकुन गांव पहुंचे. आजादी के बाद वो पहले मंत्री हैं जो दोनों गांव गए
- मंत्री राधाकृष्ण किशोर पलामू के पाल्हे तुरकुन गांव पहुंचे

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**

**पलामू(झारखंड)।** माओवादियों को महिला दस्ता देने वाले गांव पाल्हे तुरकुन में मंत्री राधाकृष्ण किशोर शुक्रवार को पैदल पहुंचे. दोनों गांव में जाने के लिए करीब डेढ़ घंटे के पहाड़ की चढ़ाई करनी पड़ती है. पाल्हे तुरकुन पलामू के नौडीहा बाजार प्रखंड के अंतर्गत है. यह इलाका मंत्री राधाकृष्ण किशोर के विधानसभा के अंतर्गत आता है. आजादी के बाद राधाकृष्ण किशोर ऐसे पहले जनप्रतिनिधि हैं जो दोनों गांव में गए हैं.

विधायक एवं मंत्री बनने के बाद सबसे पहले राधाकृष्ण किशोर दोनों गांव में पहुंचे और ग्रामीणों के साथ संवाद स्थापित किया. इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने रोड, पानी, बिजली और स्कूल की अपनी समस्याओं को रखा है. ग्रामीणो के साथ राधाकृष्ण किशोर ने करीब एक घंटे तक संवाद किया.

पाल्हे, तुरकुन, गुआदाग, रतनाग, सीढा गांव का स्कूल 2016–17 से बंद है. इन स्कूलों को फिर से खोला जाएगा. मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने ग्रामीणों के साथ संवाद स्थापित करते हुए कहा कि इलाके के स्कूलों को खोला जाएगा. पूरे मामले में अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं एवं ग्राम शिक्षा समिति का भी अनुमोदन हुआ है. उन्होंने कहा कि यह वोट की राजनीति नहीं है, चुनाव के दौरान में वोट लेने के लिए इन गांव में नहीं गए थे, लेकिन मंत्री बनने के बाद इन गांव में सबसे पहले पहुंचे है. इलाके के लोगों को वोट देने के लिए भी पहाड़ों का सफर तय करते हुए दूर जाना पड़ता है.

उन्होंने कहा कि कई ऐसे गांव हैं जहां कम्युनिकेशन बेहतर नहीं है, इसे दुरुस्त किया जाएगा. मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि पक्की सड़क बनाई जाएगी. मामले में वन विभाग के साथ संबंध स्थापित करने को कहा गया है. मंत्री ने अधिकारियों की कार्यशाली पर चिंता जताते हुए कहा कि बीडीओ एवं सीओ वर्ष में एक बार भी आते तो ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान हो जाता. आधार लिंक नहीं होने के कारण ग्रामीणों को मंईयां योजना तक कभी लाभ नहीं मिला है. उन्होंने कहा कि उनके इसे दौरे की मानवीय पहल भी है. अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मिलकर समस्याओं का समाधान कर सकते हैं.

**2018 में महिला नक्सलियों को लेकर चर्चा में आया था गांव :** 2018 में पलामू में दो अलग–अलग मुठभेड़ों दो महिला नक्सली मारी गई थी, जबकि चार गिरफ्तार हुई थी. सभी महिला नक्सलियों का संबंध पाल्हे तुरकुन से था. गांव में लकड़ी चुनने गई लड़कियों को माओवादियों ने अपने रास्ते में शामिल कर लिया था. महिला नक्सलियों के मारे जाने और पकड़े जाने के बाद पूरा इलाका चर्चा में आया था. 2018 के बाद इंद्रजीत महथा पहले एसपी थे जो दोनों गांव में गए थे. दोनों गांव में आदिम जनजाति की आबादी रहती है. गांव में जाने के लिए करीब दो किलोमीटर तक पहाड़ की सीधी चढ़ाई है. यह इलाका मनातू नावा जयपुर, छतरपुर एवं नौडीहा बाजार सीमावर्ती क्षेत्र से सटा हुआ है.

## पलामू जिला प्रशासन के साथ फर्जीवाड़ा, छात्राओं के परिचय पत्र के नाम पर वसूली की कोशिश



लोकतंत्र की आवाज़

- पलामू में कस्तूरबा गांधी आवासीय स्कूल में छात्राओं से रुपये वसूलने की कोशिश हुई है

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**

**पलामू(झारखंड)।** जिला पलामू में प्रशासन के साथ ही फर्जीवाड़े की कोशिश की गई है. पलामू जिला प्रशासन को एक पत्र मिला था जिसमें कस्तूरबा गांधी आवासीय स्कूल में पढ़ने वाली छात्राओं का परिचय पत्र जारी करने से संबंधित निर्देश जारी किए गए थे. परिचय पत्र के बदले में हर एक छात्रा से 20 रुपए शुल्क वसूलने की बात कही गई थी. यह पत्र छात्राओं को दिये गए थे और कहा गया था कि यह पत्र पलामू जिला प्रशासन की ओर से है.

यह पत्र डीसी शशि रंजन तक पहुंचा, उनको इस मामले में कुछ शक हुआ तो उन्होंने उस पत्र की पड़ताल की तो प्रथम दृष्टि में यह मामला फर्जी पाया गया. पलामू जिला प्रशासन को जो पत्र मिला था वह कार्यालय, समाज कल्याण एवं शिक्षा विकास समिति के निर्देशक की तरफ से लिखा गया था. प्रशासनिक जांच में यह बात सामने आई कि इस तरह का कोई भी विभाग है ही नहीं पलामू डीसी शशि रंजन ने बताया कि समाज कल्याण एवं शिक्षा विकास समिति की तरफ से पत्र मिला था जो पूरी तरह से फर्जी है. पूरे मामले की जांच की जा रही है एवं जांच के बाद कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी.

डीसी शशि रंजन ने कहा कि परिचय पत्र के नाम पर पहले भी पैसे वसूली की बात सामने आ चुकी है पूरे मामले में कार्रवाई की जा रही है. उन्होंने कहा कि वह आम लोगों से आग्रह करते हैं कि वह अपने बच्चों को परिचय पत्र बनवाने के नाम पर स्कूल में पैसे नहीं भेजें. जिला प्रशासन को जो पत्र मिला था, उस पत्र पर केवल रांची शिक्षा शाखा लिखा हुआ था. पत्र पर किसी प्रकार की सरकारी मुहर भी नहीं लगी हुई थी.

## कुशल छेम पूछने बिरनी अस्पताल पहुंचे बगोदर विधायक नागेंद्र महतो जी



लोकतंत्र की आवाज

**अनिल कुमार (संवाददाता)**

**प्रखंड– बिरनी ,गिरिडीह।** बगोदर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बिरनी मंडल अध्यक्ष राजेंद्र साव जी तथा उनके साथ कुछ अन्य व्यक्ति भी इलाज– रत हैं । रांची स्थित रिम्स में इलाज– रत होने के कारण बगोदर विधायक नागेंद्र महतो जी सभी क्षेत्र वासियों से मिलकर उनके कुशल क्षेम जाना साथ ही साथ रिम्स में चिकित्सकों को आवश्यक निर्देश दिए ताकि रोगियों को बेहतर उपचार मुहैया हो सके हालांकि यह विधायक जी के कार्य क्षेत्र में नहीं आता है परंतु बीमार पड़ी व्यक्ति बगोदर के हैं और नागेंद्र महतो जी का चुनाव क्षेत्र भी बगोदर ही है

## क्यों रहस्यमयी हैं पीटीआर के हाथी ! वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट जल्द करेगा खुलासा

लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**

**पलामू(झारखंड)।** झारखंड के पलामू टाइगर रिजर्व में हाथियों की संख्या बढ़ गई है. पलामू टाइगर रिजर्व में 180 के करीब हाथियों की संख्या थी, जो अब बढ़कर 200 से अधिक हो गई है. वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट की देख–रेख में पलामू टाइगर रिजर्व में करीब चार महीने तक हाथियों की गिनती हुई और रिसर्च हुआ है. हाथियों की संख्या और रिसर्च संबंधी आंकड़े वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट जल्द ही जारी करेगा.

पलामू टाइगर रिजर्व के अधिकारियों का मानना है इलाके हाथियों की संख्या बढ़ी है. पलामू टाइगर रिजर्व के निदेशक कुमार आशुतोष बताते है कि हाथियों की संख्या बड़ी है और 200 के से अधिक हो गयी है. हाथियों की गिनती और उनसे जुड़े हुए



रिसर्च का रिपोर्ट वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट जारी करेगा. यह रिपोर्ट जल्द ही प्रकाशित किया जाएगा. पूरे झारखंड में मयूरभंजी हाथी मिलते हैं लेकिन पलामू टाइगर रिजर्व में अलग प्रकार के हाथी हैं.

**पीटीआर के हाथियों का क्या है जेनेटिक्स, क्यों है इतना रहस्य :** पलामू टाइगर रिजर्व में मौजूद हाथियों का जेनेटिक्स मयूरभंज हाथियों से काफी

- झारखंड के पलामू टाइगर रिजर्व इलाके में हाथियों की संख्या बढ़ गई है. इसके पीछे की वजह का खुलासा जल्द होगा

अलग है. वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट ने हाथियों के जेनेटिक्स का अध्यन किया है. हाथियों के जेनेटिक्स और संख्या को लेकर एक साथ आंकड़े को जारी किये जाएंगे. जिससे यह पता चल पाएगा कि पलामू टाइगर रिजर्व के हाथियों का जेनेटिक्स क्या है. पीटीआर में रहने वाले हाथी बेहद ही कम हिंसक हैं और उनका एक ही दांत होता है.

इतिहास में इस बात का जिक्रहै कि सरगुजा के महाराज ने पलामू टाइगर रिजर्व के इलाके में बड़ी संख्या में हाथियों को छोड़ा था. यही हाथी धीरे–धीरे अपने दायरे को बढ़ाते गए. पलामू टाइगर रिजर्व के हाथियों का जेनेटिक्स क्या है यह अभी भी रहस्य बना हुआ है. पीटीआर के उपनिदेशक प्रजेशकांत जेना बताते हैं कि रिपोर्ट प्रकाशित होने के बाद हाथियों के जेनेटिक्स के बारे में पता चल पाएगा.

**झारखंड में कहां–कहां हैं हाथियों की मौजूदगी और कैसे जुड़ा है छत्तीसगढ़ कॉरिडोर से:** झारखंड में बड़ी संख्या में हाथियों की मौजूदगी है, सिंहभूम का इलाका एलिफेंट रिजर्व एरिया कहा जाता है. पलामू टाइगर रिजर्व छत्तीसगढ़ कॉरिडोर से जुड़ा हुआ है. छत्तीसगढ़ से बड़ी संख्या में हाथी पलामू टाइगर रिजर्व के इलाके में दाखिल होते हैं. झारखंड के पलामू, गढ़वा, लातेहार, गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा, खूंटी, चाईबासा के इलाके में सबसे अधिक हाथियों की गतिविधि है. पीटीआर का इलाका छत्तीसगढ़ से सटा हुआ है जबकि सिंहभूम का इलाका हाथियों के केरल कॉरिडोर से जुड़ा हुआ है।

## कुंदा पुलिस ने 15 एकड़ में लगी अफीम की खेती को किया नष्ट

लोकतंत्र की आवाज

**कुंदा (चतरा)।** चतरा पुलिस कफ्तान विकाश पांडेय के निर्देश पर कुंदा थाना क्षेत्र के सिकीदाग पंचायत के विभिन्न स्थानों में लगी अफीम खेती को अभियान चलाकर नष्ट किया गया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रदीप कुमार के नेतृत्व में कुन्दा पुलिस व वन विभाग ने संयुक्त रूप से अभियान चलाकर कर लगभग 15 एकड़ में दो ट्रेक्टर की मदद से पुलिस ने पोस्ता खेती नष्ट किया।चतरा पुलिस सेटेलाइट इमेज के माध्यम से अफीम की खेतों तक पहुंच रहे हैं।



नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (ठउइ) से उपलब्ध कराए गए मैप्स ड्रग्स एप एक कारगर हथियार बना है।सेटेलाइट इमेज अफीम के फूलों को चिह्नित करता है और अक्षांश व देशांतर के साथ पुलिस को अफीम की खेती का लोकेशन बताता है। इसके आधार पर पुलिस मौके पर पहुंचती है और वहां फल–फूल रहे अफीम की खेती को नष्ट कर रही है।थाना प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह ने बताया कि इस बार पुलिस किसी भी हालत में अफीम की खेती नही होने देगी।खेती करने वाले सावधान हो जाय नही तो होगा सीधा जेल जाना होगा, खेती करने वालो को चिन्हित किया जा रहा है उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## हजारीबाग जिले के सूर्यकुंड मेले की नीलामी में सबसे अधिक 23 लाख 37 हजार की बोली लगी

लोकतंत्र की आवाज

**घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**

**हजारीबाग (झारखंड)।** मकर संक्रांति के अवसर पर हर साल आयोजित होने वाला ऐतिहासिक सूर्यकुंड मेला इस बार भी धूमधाम से मनाया जाएगा। झारखंड के श्रावणी मेले के बाद दूसरा सबसे बड़ा यह मेला 14 जनवरी से 30 जनवरी तक चलेगा। मेले की नीलामी प्रक्रिया अंचल कार्यालय के सभागार में बुधवार को संपन्न हुई, जहां कई प्रमुख बोलीदाताओं ने भाग लिया।

नीलामी का आयोजन सीओ श्रवण कुमार झा के नेतृत्व में हुआ। इसमें प्रमुख बोलीदाताओं में शिशिर कुमार पांडेय, विकास पांडेय, संजय कुमार पांडेय, श्याम पांडेय, विजय कुमार नायक, चंद्रकांत पांडेय, और सुरेश कुमार पांडेय शामिल थे। नीलामी की शुरुआती बोली 23 लाख 14 हजार 225 रुपये से शुरू हुई। कुल छह राउंड की बोली प्रक्रिया के बाद, अंतिम और उच्चतम बोली 23 लाख 37 हजार 225 रुपये की रही, जिसे संजय कुमार पांडेय ने लगाया। सूर्यकुंड मेला बरकट्ठा थाना क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजन है, जिसे देखने और इसमें भाग लेने के लिए दूर–दूर से लोग आते हैं। यह मेला मकर संक्रांति के पर्व पर आयोजित होता है और इस दौरान विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। मेले में लगने वाले विभिन्न स्टॉल और झूले बच्चों और बड़ों दोनों के लिए आकर्षण का केंद्र रहता हैं।

इस बार मेले के ठेकेदार संजय कुमार पांडेय होंगे, जिन्होंने उच्चतम बोली लगाकर मेले का ठेका जीता। मेले की तैयारी जोरों पर है, और ठेकेदार द्वारा सभी आवश्यक इंतजाम किए जा रहे हैं ताकि आने वाले श्रद्धालुओं और दर्शकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम भी किए जा रहे हैं ताकि मेले का आयोजन बिना किसी बाधा के सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। मेले के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्थानीय और बाहरी कलाकार अपनी प्रस्तुतियाँ देंगे। इसके साथ ही, विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान और पूजाएँ भी आयोजित की जाएंगी, जो मेले की धार्मिक महत्ता को और बढ़ाएंगे।

सूर्यकुंड मेला न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह स्थानीय अर्थव्यवस्था के लिए भी एक बड़ा योगदानकर्ता है। मेले के दौरान लगने वाले स्टॉल और दुकानों से स्थानीय व्यापारियों को अच्छा व्यवसाय मिलता है। इसके अलावा, मेले में आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों से भी स्थानीय होटलों और रेस्टोरेंट्स की आमदनी में वृद्धि होती है इस प्रकार, सूर्यकुंड मेले की नीलामी प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हो गई है।

## चतरा के लावालौंग में नल जल योजना चढ़ गया भ्रष्टाचार की भेट

लोकतंत्र की आवाज़

- नल जल योजना के तहत लगाए गए जालमीनार शोभा की वस्तु बनकर रह गई है

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**

**चतरा(झारखंड)।** लावालौंग प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतो में पानी कि समस्या से निजात पाने के उद्देश्य से सरकार ने एक महत्वाकांक्षी योजना नल जल योजना लागू किया था। लेकिन संवेदक की मनमानी और विभागीय पदाधिकारी की लापरवाही के कारण लावालौंग प्रखंड क्षेत्र में अधिकतर जल मीनार दम तोड़ रही है।एक ओर सरकार करोड़ों रुपया खर्च कर ग्रामीण की प्यास बुझाने के लिए जल मीनार लगा रही है तो दूसरे ओर जल मीनार खुद प्यासा पड़ा।

ग्रामीणों के अनुसार कई जगह जल मीनार लगते के साथ खराब हो गया है तो कई जगह सिर्फ टंकी लगाकर छोड़ दिया गया है। कई जगहों पर तो ड्राइवरिंग में ही मोटर लगा दिया गया जिसके कारण पेयजल की समस्या ग्रामीणों के बीच जस की तस बनी हुई है।प्रखंड क्षेत्र के कटिया पंचायत और हेडुम पंचायत में नल जल योजना का कार्य का शुरुआत 2022 में किया गया था जिससे लोगो थोड़ा उम्मीद जागी थी कि अब हम लोगों को पानी की समस्या से निजात मिल पाएगा। लेकिन दो साल बीत जाने के बाद भी लोगों को पानी एक बूंद पानी मुनसीब नहीं हो रहा है।हेडुम और कटिया पंचायत के विभिन्न गांव का हाल यह है कि कहीं मोटर नहीं लगाया गया है, तो कहीं पाइपलाइन नहीं किया गया है, कहीं बोरिंग ड्राई है, कहीं सही क्वालिटी का सामान नहीं लगाने के कारण मोटर खराब है, तो कहीं घर–घर तक नलका नहीं बैठाया गया है।

वही हेडुम पंचायत पोटम गांव के हडघड़ी टोला में जलमिनर लगते के साथ खराब हो गया है।और दो साल बीत चुका जिसे कोई देखने तक नहीं आया और ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या से ठेकेदार को अवगत कराने की कोशिश की जाती है तो ठेकेदार द्वारा बिगड़े बोल में बात की जाती है।जिसे लेकर ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से और स्थानीय संसद और विधायक महोदय से पहल करते हुए उक्त पेयजल की समस्या से समाधान करने की अपील किया है।

## गिरिडीह जिला खेल कार्यालय तथा नेहरू युवा केंद्र द्वारा युवा उत्सव का आयोजन



लोकतंत्र की आवाज

**विक्रम कुमार मिश्रा ( ब्यूरो चीफ)**

**गिरिडीह,झारखंड।** जिला खेल कार्यालय गिरिडीह एवं नेहरू युवा केंद्र , गिरिडीह के संयुक्त तत्वाधान से स्वामी विवेकानंद जी जयंती के अवसर पर दिनांक 12 से 16 जनवरी, 2025 तक आयोजित होने वाले राष्ट्रीय युवा महोत्सव अंतर्गत ज़िला स्तर युवा उत्सव का आयोजन स्कॉलर बी. एड. कॉलेज में किया गयो उक्त आयोजन के तहत कुल 11 अलग –अलग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ज़िलें के विभिन्न स्कुल/ कॉलेज द्वारा भाग लिया गया।

**प्रतियोगिता की विवरणी इस प्रकार है :** सामूहिक लोकनृत्य, सामूहिक लोकगीत, विज्ञान मेला (सामूहिक), विज्ञान मेला (एकल), एकल लोकनृत्य, एकल लोकगीत, भाषण प्रतियोगिता, कविता लेखन, कहानी लेखन, चित्रकाला एवं मोबाइल फोटोग्राफी। कार्यक्रम में मुख्य अथिति के रूप में उप विकास आयुक्त, गिरिडीह श्रीमती स्मृता कुमारी उपस्थित हुईं। विशिष्ट अथिति के रूप में श्री अर्जुन बरला, ज़िला खेल पदाधिकारी, गिरिडीह, श्री रवि कुमार, ज़िला युवा अधिकारी, नेहरू युवा केंद्र गिरिडीह एवं प्राचार्य, स्कॉलर बी. एड. कॉलेज की उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में ज़िला खेल कार्यालय गिरिडीह एवं नेहरू युवा केंद्र, गिरिडीह के कर्मियों का विशेष योगदान रहा।

### प्रतियोगितावार परिणाम इस प्रकार है

**सामूहिक लोकनृत्य**
प्रथम – स्कॉलर बी एड कॉलेज,गिरिडीह
द्वितीय – गर्ल्स ग्रुप, गिरिडीह
तृतीय –के. जी. बी. वी गिरिडीह।

**2. एकल नृत्य प्रतियोगिता**
प्रथम –प्रिया साव एवं सुनंदनी कुमारी
द्वितीय – निकिता कुमारी
तृतीय – आसमा परवीन

**3. कविता लेखन प्रतियोगिता**
प्रथम –दिलीप कुमार साव
द्वितीय –शुभम कुमार वर्मा
तृतीय – अमित कुमार यादव

**4.मोबाइल फोटोग्राफी प्रतियोगिता**
प्रथम – अनुराग सागर
द्वितीय –कृष कुमार वर्मा
तृतीय – शिव सागर कुमार दास

**5. विज्ञान मेला (एकल )**
प्रथम –आदित्य कुमार राणा
द्वितीय –अजय कुमार
तृतीय – राधा कुमारी

**6. विज्ञान मेला (सामूहिक )**
प्रथम – मो0 तोगीर आलम
द्वितीय –प्रियांशु कुमारी
तृतीय –टुनटुन कुमार मण्डल

**7. चित्रकला प्रतियोगिया**
प्रथम –सलोनी जायसवाल
द्वितीय –स्नेहा वर्मा
तृतीय – उबेदा जोहरा

**8. कहानी लेखन**
प्रथम – शिवम् यादव
द्वितीय –हर्षिता रानी
तृतीय –सुदीब यादव

**9. भाषण प्रतियोगिता**
प्रथम – रौनक कुमार मिश्रा
द्वितीय –प्रीति टुडू
तृतीय – शिक्षा श्रीवास्ताव

**10. एकल लोकगीत**
प्रथम – प्रतिक मण्डल
द्वितीय – निरंजन पंडित
तृतीय – काजल कुमारी

**11. सामूहिक लोकगीत**
प्रथम –स्कॉलर नागपुरी ग्रुप
द्वितीय – स्कॉलर फॉक ग्रुप

## संक्षिप्त खबरें

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल



लोकतन्त्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती। पीरपैंती प्रखंड के अंतर्गत दुलदुलिया गांव निवासी गोपाल शर्मा का बड़ा बेटा मनोज शर्मा सड़क दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल हो गया। युवक मजदूरी कर घर दुलदुलिया वापस लौट रहे था। विपरीत दिशा से ऑटो और बाइक से बचना चाहा। लेकिन साइकल सहित गिर गया। घायल मनोज शर्मा की उम्र लगभग 35 वर्ष बताई जाती है।स्थानीय लोगों ने घायल युवक को पीरपैंती रेफरल अस्पताल लाया।चिकित्सकों ने प्राथमिक इलायज किया। हालत गंभीर देखते हुए भागलपुर भेज दिया।

### विश्वास झा बने जदयू के आई टी सेल प्रमुख



लोकतंत्र की आवाज
मोहम्मद सबरार आलम

बिहपुर। जनता दल यूनाइटेड नवगछिया के जिलाध्यक्ष त्रिपुरारी कुमार भारती के द्वारा भागलपुर राजद के पूर्व जिला प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी विश्वास झा को जदयू की सदस्यता दिलाते हुए जिला प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी एवं आई टी सेल का विशेष उत्तर दायित्व सौंपा। वहीं मुख्य जिला प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी के रूप में कुमार मिलन सागर पूर्ववत पदस्थ बने रहे। वहीं विश्वास झा के मनोनयन पर गोपालपुर के विधायक नरेन्द्र कुमार नीरज उर्फ गोपाल मंडल, जिलाध्यक्ष त्रिपुरारी कुमार भारती, युवा जिलाध्यक्ष आशीष कुमार, मुख्य जिला प्रवक्ता कुमार मिलन सागर, नगर अध्यक्ष अजीत पटेल , पंकज पोद्दार , विभूति भूषण, अखिलेश सिंह निषाद, अति पिछड़ा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष ज्ञानशक सिंह कुशवाहा, कैलाश सिंह कुशवाहा, मदन दास, नित्यानंद यादव, हिमांशु शेखर झा, कार्यालय प्रभारी इफ्तिखार आलम, दीपक साह, पायल कुमारी सहित सैकड़ों समर्थकों ने बधाई दी है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पार्टी को श्री झा के आने से नई ऊर्जा मिलेगी। वहीं दूसरी ओर श्री झा ने बताया कि राजद में बढ़ती जातिवाद को देखते हुए उन्होंने दो साल पहले राजद के पद एवं सदस्यता को त्याग दिया था। मालूम हो कि श्री झा लगातार तीन बार भागलपुर जिले का राजद प्रवक्ता रह चुके हैं। श्री झा बेबाक बयानबाजी के लिए मशहूर माने जाते हैं।

### उपायुक्त आम जनों की समस्याओं से अवगत हुए



लोकतंत्र की आवाज
मामलोत सेख

साहेबगंज। समाहरणालय स्थित उपयुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त– सह– जिला दंडाधिकारी हेमंत सती द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान उपयुक्त ने जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों से मुलाकात कर उनके समस्याओं से अवगत हुए। इसके साथ ही उपयुक्त द्वारा उपस्थित सभी लोगों से एक–एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इसके साथ ही जनता दरबार के दौरान विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आए, जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुनने के बाद उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द करें। साथ ही उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अपना प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें। ताकि शिकायतों के निष्पादन में आसानी हो सके। ज्ञात हो कि हर सप्ताह मंगलवार एवं शुक्रवार को उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया जाता है।

# दिव्यांगजनो की सहायता करना सराहनीय पहल, विधायक आक्या धन्यवाद के पात्रः उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा

लोकतंत्र की आवाज

**दिव्यांग उपकरण वितरण शिविर के दुसरे दिन 501 उपकरणो का वितरण**



**ओम जैन**

**शंभूपुरा।** दिव्यांगजनो के सहायतार्थ शिविर लगाकर बड़ी तादाद में उपकरण वितरण करना बेहद सराहनीय पहल है। दिव्यागजन उपकरण पाकर सरलता से अपने दैनिक कार्य कर सकेगें। प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जन्मोत्सव व भाजपा सरकार के सफलतम एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में दिव्यांगजन के सहायतार्थ उपकरण वितरण शिविर आयोजित करने के लिए चित्तौडगढ़ विधायक चंद्रभानसिंह आक्या बधाई के पात्र है।

यह विचार उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने शुक्रवार को विधायक चंद्रभान सिंह आक्या व श्री भगवान महावीर विकलांग सेवा समिति जयपुर शाखा अजमेर के सौजन्य से दिनांक 12 से 15 दिसम्बर तक स्टेशन रोड स्थित जैन धर्मशाला चित्तौडगढ़ में आयोजित चार दिवसीय दिव्यांग उपकरण वितरण शिविर का अवलोकन करते हुए व्यक्त किए। इस दौरान उपमुख्यमंत्री बैरवा ने अपने हाथो से अनेक दिव्यांगो को उपकरण वितरीत किए।

शिविर संयोजक रवि विराणी ने बताया कि शिविर के दुसरे दिन शुक्रवार को भी बढ़ी संख्या में दिव्यांगजनो की भीड़ उमड़ी। इस दौरान विधायक आक्या स्वयं प्रत्येक दिव्यांगजन की सहायता करते दिखे। शिविर के दुसरे दिन शुक्रवार को 501 दिव्यांगजनो को उपकरण निःशुल्क वितरीत कर लाभान्वित किया गया।

शिविर संरक्षक अनिल ईनाणी ने बताया कि शिविर के द्वितीय दिवस शुंक्रवार को 4 ब्लाईंड स्टीक, 26 जयपुर फुट, 10 कृत्रिम हाथ, 88 कैलीपर, 38 बैसाखी, 135 कान की मशीन, 42 व्हीलचेयर, 86 ट्राई साईकिल, 5 ब्लाईंड स्टीक, एक कृत्रिम पेर, 66 बुजुर्ग छड़ी सहित 501 दिव्यांगजनो को उपकरण निःशुल्क वितरीत कर लाभान्वित किया गया। श्री भगवान महावीर विकलांग सेवा समिति के अजमेर संभाग कोर्डिनेटर सुरेश मेहरा ने बताया कि शिविर में गोद में लाओ, चलाकर ले जाओ की तर्ज पर जयपुर फुट लगाए जा रहे है। शिविर प्रभारी कैलाश चन्द्र शर्मा ने बताया कि चारदिवसीय शिविर में प्रत्येक पात्र दिव्यांग को लाभांवित किया जायेगा।

# समाज कल्याण से संबंधित योजनाओं की समीक्षा बैठक



लोकतंत्र की आवाज

**मामलोत सेख**

**साहेबगंज।** जिला दंडाधिकारी –सह– उपायुक्त हेमंत सती हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में समाज कल्याण से संबंधित संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक की। सर्वप्रथम उपायुक्त द्वारा समाज कल्याण विभाग द्वारा 127 निर्माणाधीन आंगनबाड़ी व उद्याळ मद के द्वारा निर्माणाधीन आंगनबाड़ी की जानकारी ली।

सावित्रीबाई फुले योजना में प्रखंडों की रैंकिंग असंतोषप्रद पाई गई। एक सप्ताह के अंदर महिला पर्यवेक्षिकाओं को जिले के सभी संचालित आँगनबाड़ी केन्द्रवार लक्ष्य निर्धारित कर सेविका–सहायिकाओं के माध्यम से लक्ष्य के अनुरूप उक्त योजना से संबंधित आवेदन प्राप्त कर उक्त योजना का लाभ प्रदान करना सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। साथ ही पूरे सप्ताह में प्रतिदिन केन्द्रवार सेविका–सहायिकाओं द्वारा प्राप्त आवेदनों की संख्या की महिला पर्यवेक्षिकाओं के माध्यम से समीक्षा कराने हेतु निर्देशित किया गया ।

प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, पोषण ट्रैक ऐप, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, मानदेय भुगतान ,पोषाहार भुगतान एवं आंगनबाड़ी सेविकाओं की जिला में नियुक्ति को लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गए। बताया गया कि चाइल्ड होम में भवन मरम्मती रंग रोगन का कार्य किया जा रहा है। वही पुराने परिषद भवन में मरम्मती को लेकर प्रस्ताव समर्पित करने को कहा गया।

उपायुक्त ने स्पॉन्सरशिप योजना में अधिक से अधिक लाभुको को लाभ देने हेतु निर्देशित किए गए। मौके पर जिला कल्याण पदाधिकारी चित्रा यादव, बाल संरक्षण पदाधिकारी पूनम कुमारी, महिला पर्यवेक्षीका समेत बाल संरक्षण के कर्मी उपस्थित थे।

# बिजनौर पालिका टीम ने नगर में चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान



**लोकतंत्र की आवाज**
**रिपोर्ट रोहित कुमार**

**किरतपुर।** पालिका टीम द्वारा नगर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। नगर के मुख्य बाजार मे शासन के आदेशानुसार नगर पालिका परिषद की अधिशासी अधिकारी मेघा गुप्ता के निर्देश के क्रम में एक टीम बनाकर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। पालिका टीम द्वारा अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध एक्शन लेते हुए अतिक्रमण हटवाया गया तथा उन्हें अंतिम चेतावनी देते हुए कार्यवाही के निर्देश दिए गए। अतिक्रमण हटाओ अभियान टीम में उक्त अभियान में कर निरीक्षक ज्ञानेश्वरानन्द, बाबूराम, नासिर, अदनान नोमान व सफाई नायक सुंदर सिंह, ओमी व प्रेम आदि कर्मचारी मौजूद थे।

# विनय कुमार बने बिहार के नए डीजीपी, दो साल के लिए हुई नियुक्ति, प्रभार संभाल रहे आलोक राज हटाए गए

लोकतंत्र की आवाज



- बिहार के पुलिस महकमें में बड़ा फेरबदल हुआ है। सरकार ने डीजीपी पद से आलोक राज की छुट्टी कर दी है। बिहार सरकार के गृह विभाग ने शुक्रवार की देर शाम इसकी अधिसूचना जारी कर दी है.

**दीपक कुमार**

**मुज़फ्फरपुर ।** राज्य सरकार की ओर से जारी अधिसूचना में 1991 बैच के आईपीएस अधिकारी विनय कुमार को राज्य का नया डीजीपी बनाया गया है. विनय कुमार अब तक पुलिस भवन निर्माण निगम के डीजी के पद पर तैनात थे. सरकार की अधिसूचना में कहा गया है कि विनय कुमार अगले दो साल तक बिहार के डीजीपी पद पर बने रहेंगे.

राज्य सरकार ने मौजूदा डीजीपी आलोक राज को पुलिस भवन निर्माण निगम में भेजा है। वे निगम के डीजी के साथ–साथ सीएमडी बनाये गये हैं। बता दें कि आलोक राज को इसी साल 30 अगस्त को बिहार का डीजीपी बनाया गया था। तत्कालीन डीजीपी रजबिंदर सिंह भट्टी के केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने के कारण ये पद खाली हुआ था। उस समय भी विनय कुमार का नाम डीजीपी पद के लिए सबसे आगे माना जा रहा था लेकिन सरकार ने आलोक राज को कमान सौंपी थी। अब साढे तीन महीने में ही उनकी छुट्टी कर दी गयी है।

सरकार ने डीजी स्तर के एक और पदाधिकारी की पोस्टिंग की है। जितेंद्र सिंह गंगवार को निगरानी का डीजी बनाया गया है। उन्हें नागरिक सुरक्षा के डीजी का अतिरिक्त प्रभाव भी सौंपा गया है। जिंतेन्द्र सिंह गंगवार पुलिस मुख्यालय में एडीजी हेडक्वार्टर हुआ करते थे। उनके प्रमोशन के बाद कुंदन कृष्णनन को उस पद पर तैनात किया गया था। गंगवार वेटिंग फॉर पोस्टिंग थे। आज इनकी पोस्टिंग कर दी गयी।

# बिजनौर रामा कालेज में मानवाधिकार विषय पर कार्यशाला का आयोजन

लोकतंत्र की आवाज



**रिपोर्ट मुकेश सिंह**

**किरतपुर।** रामा इंस्टिट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन किरतपुर में मानवाधिकार विषय की थीम हमारा अधिकार हमारा भविष्य पर कला विभाग में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कला विभाग की विभागाध्यक्ष श्रीमती मंजू जैन ने छात्र छात्राओं को मानवाधिकार की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इसके बाद हमारा अधिकार हमारा भविष्य विषय पर एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। निर्णायक मंडल में श्रीमती मंजू जैन एवं डॉक्टर सी. डी.शर्मा रहे। बी.ए.तृतीय की आकांक्षा ने प्रथम, बी.ए.द्वितीय की महिमा राजपूत ने द्वितीय तथा बी.ए. तृतीय की उमरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रूचि शर्मा, स्वाति चौधरी, अरुण प्रकाश एवं अरुण कुमार का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में निदेशक डॉक्टर भूपेंद्र सिंह, प्राचार्य डॉक्टर डबलेश कुमार, चीफ प्रॉक्टर डॉक्टर रवीश कुमार एवं प्रोफेसर डॉक्टर सी.डी.शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन विभागाअध्यक्ष श्रीमती मंजू जैन ने किया।

# शंभूपुरा फाटक रहती घण्टो तक बंद, ना जनप्रतिनिधि सुन रहे ना अधिकारियों के कानों कोई जु रेक रही, राहगीर परेशान

लोकतंत्र की आवाज



**ओम जैन**

**शंभूपुरा।** शंभूपुरा रेलवे फाटक जो कि दिन में कई बार घण्टो तक बंद रहती है जिससे यहाँ का ना सिर्फ आवागमन बाधित होता है बल्कि रोज सेकड़ो लोग प्रभावित हो रहे है लेकिन फिर भी ना कोई जनप्रतिनिधि इस ओर ध्यान दे रहे है ना ही सम्बंधित रेलवे अधिकारियों के कानों जु रेक रही, जिससे क्षेत्रवासियों में इस गंभीर समस्या को लेकर नेताओ ओर अधिकारियों दोनों के प्रति खासा रोष है।

बता दे कि शंभूपुरा कस्बा जिला मुख्यालय से मात्र 13 किलोमीटर दूर है जो सीमेंट फैक्ट्रियों का हब होने के साथ ही दर्जनों गांवों को जिला मुख्यालय से जोड़ता है, शंभूपुरा में सेकड़ो लोगों का रोज आना जाना रहता है जिन्हें इस फाटक के दिन में कई बार वो भी लम्बे समय तक बन्द रहने की समस्या से जुझना पड़ रहा है।

बावजूद इसके ना कोई जनप्रतिनिधि इस पर ध्यान दे रहे है ना ही सम्बंधित रेलवे अधिकारी जिससे क्षेत्रवासियों को खासी परेशानी झेलनी पड़ती है, कई बार बीमार मरीज ओर एम्बुलेंस तक इस बन्द फाटक की वजह से फंस जाते है, कई लोगों को इसके चलते जान तक गंवानी पड़ गई फिर भी जिम्मेदारो का इस ओर तनिक भी ध्यान नही जा रहा, वही दूसरी ओर शंभूपुरा क्षेत्र में 3 बड़ी सीमेंट फैक्ट्रिया आती है जिसमे जाने वाले कार्मिक यही से होकर गुजरते है कई बार देरी की वजह से फेक्ट्री के गेट बंद हो जाते और उन्हें फिर निराश लौटना पड़ता है, साथ ही स्कूली बच्चो को भी यहाँ खासी परेशानी झेलनी पड़ती है। ग्रामीणों ने बताया कि यह समस्या आज से नही बल्कि कई सालों से बनी हुई है, इसके बारे में कई बार रेलवे अधिकारियों के साथ साथ विधायक सांसद व मंत्रियों तक को अवगत करवाया लेकिन आज दिन तक ना तो यहाँ अंडर ब्रिज बन पाया ना आरओबी जिससे क्षेत्र की यह गम्भीर समस्या हल होने का नाम नही ले रही।

**विधायक जिला प्रमुख अटके, अधिकारी को फोन किया लेकिन हाल जस के तसः** हाल ही में इसी रेलवे फाटक से गुजर रहे जिला प्रमुख भूपेंद्र सिंह बडौली ओर बेंगू विधायक सुरेश धाकड़ भी इसी फाटक के बन्द होने से यहाँ करीब 40 मिनिट तक अटके रहे, विधायक धाकड़ ने तो आनन फानन में रतलाम डीआरएम ओर कलेक्टर तक को फोन घुमाए लेकिन फर्क कुछ भी नही पड़ा और हाल जस के तस बने हुए है, ग्रामीणों ने कहा कि यह तो सिर्फ फ़ोटो वीडियो और मीडिया की सुर्खियां बटोरने का विकल्प था बाकी हमारी समस्या पर ना किसी ने आज दिन तक ध्यान दिया ना कोई दे रहे है, ऐसी गम्भीर समस्या के कारण सेकड़ो लोग रोज परेशान हो रहे है फिर भी कोई समाधान नही होने से क्षेत्र में अधिकारियों के साथ साथ भाजपा सरकार और जिले के नेताओ के प्रति भी खासा रोष है, ग्रामीणों ने जल्द समस्या के स्थाई समाधान कि मांग कि है।

# चरनोट भूमि से हजारो ट्रिप मिट्टी का दोहन, ना पंचायत से एनओसी ना कोई आदेश, ग्रामीणों का आरोप लाखो का गबन हुआ

लोकतंत्र की आवाज




**ओम जैन**

**शंभूपुरा।** देश मे चारा घोटाला तो सबने सुना लेकिन जिले में अब मिट्टी घोटाले होने लगे है जो आजकल बड़ी सुर्खियों में है। मामला घटियावली ग्राम पंचायत का है जहाँ ग्रामीणों का आरोप है कि जो नया 132 केवी जीएसएस बन रहा है, उसके ठेकेदार ने स्थानीय जनप्रतिनिधि व अधिकारियों से मिलीभगत कर चरनोट भूमि से 5000 से भी अधिक ट्रिप मिट्टी का दोहन किया है जिससे लाखो रुपये कि राजस्व हानि हुई है बावजूद इसके ग्राम पंचायत मोन धारण कर बैठी है, जबकि ग्राम पंचायत से मिट्टी दोहन को लेकर ना कोई आदेश जारी हुआ ना ही एनओसी जारी हुई है।

ग्रामीणों ने बताया कि चरनोट भूमि से लगातार जेसीबी लगाकर मिट्टी का दोहन किया जा रहा कही बार पंचायत को अवगत करवाया लेकिन इनके कानो जु तक नही रेक रही, ग्रामीणों ने इस मामले में सरपँच सचिव एव पंचायत समिति सदस्य पर ठेकेदार से मिलीभगत कर मिट्टी दोहन के एवज में लाखों रुपये के गबन का आरोप लगाया है। हमने भी इस मामले को लेकर सरपँच सचिव एवं पंचायत समिति सदस्य घटियावली से बात करनी चाही लेकिन इन्होंने कोई जवाब देना उचित नही समझा इससे भी इनकी कार्य प्रणाली पर सवालिया निशान लग रहे है।

**जिम्मेवार लोगों का कहना**

मीडिया के माध्यम से मामले की जानकारी मिली, गुरुवार को ही मौका देख रिपोर्ट अधिकारियों को भेज दी है, जो भी निर्देश होंगे उस हिसाब से आगे की कार्यवाही कि जाएगी।
**रत्नबाला धाकड़**
पटवारी घटियावली

मामले को लेकर पटवारी घटियावली कि रिपोर्ट आई है, जल्द ही पूरी जानकारी निकालकर जो दोषी होगा उनके खिलाफ उचित कार्यवाही कि जाएगी।
**राहुल धाकड़**
तहसीलदार चित्तौड़गढ़

मामले की जानकारी नही है, मैं पंचायत से रिपोर्ट मंगवाता हु उसके बाद कि कुछ कह पाऊंगा।
**समुन्द्र सिंह**
बीडीओ पंचायत सीमित चित्तौड़गढ़

लोकतंत्र की आवाज
स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन–805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर–9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद–विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।